
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 334 | ग्वालियर , 28 सितम्बर गुरुवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### दिल्ली में पुरानी दुश्मनी को लेकर व्यक्ति, बेटे को चाकू मारा



**नई दिल्ली।** दिल्ली में पुरानी दुश्मनी को लेकर चार लोगों ने 45 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके बेटे को कथित तौर पर चाकू मार दिया। पुलिस के अनुसार, घायल की पहचान शंकर सिंह के रूप में हुई है, जिस पर लगभग 15 दिन पहले अपने पड़ोसी रविंदर का मोबाइल चुराने का आरोप था। इसके बाद, रविंदर और तीन अन्य लोगों ने शंकर सिंह पर हमला कर दिया। शंकर सिंह का बेटा बीच-बचाव में आया तो आरोपियों ने उसे भी घायल कर दिया। इस हमले में दोनों पिता-पुत्र घायल हो गए। घटना की सूचना सोमवार रात कल्याणपुरी थाने को दी गई। शंकर सिंह ने चोरी और उसके बाद हुए हमले के संबंध में पुलिस के सामने बयान दर्ज कराया। एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी व्यक्तियों रविंदर, सोनू, रवि और पवन के खिलाफ आईपीसी की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और 34 (सामान्य इरादे) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने रवि को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह एक इमारत की दूसरी मंजिल से कूदकर गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रहा था। हालांकि, गिरने के कारण उसे चोटें आई और फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। शेष आरोपियों को जल्दी ही पकड़ लिया जाएगा।

### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में बारूदी सुरंग विस्फोट में जवान घायल




**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में बुधवार को एक बारूदी सुरंग विस्फोट में एक सैनिक घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि नायक धीरज कुमार नामक सैनिक ने राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास गश्त के दौरान गलती से बारूदी सुरंग पर कदम रख दिया, जिससे वह फट गया और सैनिक घायल हो गया। एक अधिकारी ने कहा, उसे इलाज के लिए उधमपुर के उत्तरी कमान अस्पताल में भेजा गया है।

### प्रियंका के बाद राहुल गांधी की मध्य प्रदेश में दस्तक



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों के राष्ट्रीय नेताओं की आमद बढ़ रही है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के बाद अब राहुल गांधी भी राज्य के दौरे पर आने वाले हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की राज्य में गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ग्वालियर और जबलपुर में जनसभाओं को संबोधित कर चुकी हैं। अब, 30 सितंबर को राहुल गांधी शाजापुर जिले के कालापीपल विधानसभा क्षेत्र के पोलायकला आएंगे, जहां जन आक्रोश यात्रा में हिस्सा लेने के साथ जनसभा को संबोधित करेंगे। राज्य में कांग्रेस सात स्थानों से जन आक्रोश यात्रा निकाल रही है। उनमें से एक यात्रा मालवा में विधायक और पूर्व मंत्री जीतू पटवारी के नेतृत्व में निकल रही है। यह यात्रा 30 सितंबर को कालापीपल विधानसभा क्षेत्र में रहेगी और यहां राहुल गांधी यात्रा में शामिल होने के साथ जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। राज्य में भाजपा के साथ कांग्रेस के नेताओं की भी सक्रियता बढ़ रही है। एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित तमाम बड़े नेता राज्य का दौरा कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी दौरे कर रहे हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी का यह पहला दौरा है।

### राजकुमार राव और पत्रलेखा ने लालबागचा राजा के किए दर्शन

**मुंबई।** एक्टर राजकुमार राव ने बुधवार को गणेशोत्सव के अवसर पर बप्पा का आशीर्वाद लेने के लिए अपनी पत्नी और एक्ट्रेस पत्रलेखा के साथ लालबागचा राजा के दर्शन किए। पंडाल के वीडियो में कपल को सुरक्षा के बीच नंगे पैर चलते हुए देखा जा सकता है। राजकुमार फैंस की ओर हाथ हिलाते नजर आ रहे हैं। राजकुमार ने ऑफ व्हाइट कलर का कुर्ता पहना है और इसे व्हाइट पायजामा के साथ पेयर किया। वहीं, पत्रलेखा मस्टर्ड येलो कलर के सूट के साथ पेस्टल ग्रीन दुपट्टे में नजर आईं।

## भाजपा ने गोवा मंत्रिमंडल में महिला विधायकों को शामिल करने की कांग्रेस की मांग ठुकराई

**पणजी।** भाजपा ने गोवा मंत्रिमंडल में महिला विधायकों को शामिल करने की कांग्रेस की मांग को खारिज कर दिया है। भाजपा ने कांग्रेस को जवाब देते हुए कहा कि क्या एक परिवार को दो कैबिनेट बर्थ दिए जा सकते हैं। कांग्रेस नेता गिरीश चोडनकर और विपक्ष के नेता यूरी अलेमाओ ने मांग की थी कि पार्टी महिला भाजपा विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल करें, क्योंकि भगवा पार्टी ने कहा था कि वे महिला आरक्षण विधेयक पारित करके महिलाओं को सशक्त बनाना चाहते हैं। गोवा बीजेपी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सदानंद शेट तनावडे से मीडिया ने उस वक्त सवाल किया, जब वह महिला आरक्षण बिल पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। वह तीनों महिला विधायकों की मौजूदगी में मीडिया से बात कर रहे थे, तनावडे ने कांग्रेस की मांग को खारिज करते हुए कहा, एक परिवार में दो कैबिनेट बर्थ नहीं दी जा सकती। क्या आप एक परिवार में दो कैबिनेट बर्थ दे सकते हैं? आरक्षण के बाद हमें अनिवार्य रूप से (महिलाओं को कैबिनेट बर्थ) देनी होगी। केंद्र में दस महिला मंत्री हैं। सब कुछ सही समय पर होगाा, चिंता करने की कोई बात नहीं है। तनावडे ने महिला विधायकों की प्रशंसा करते हुए कहा, ÷सभी महिला विधायक सक्षम हैं। वे कोई भी मंत्रालय संभाल सकती हैं। वे स्वयं निर्णय (प्रशासनिक या नीतिगत) लेने में सक्षम हैं। जेनिफर मोनसेरेट पिछली बार मंत्री थीं। उन्होंने अच्छा काम किया है, लेकिन सब कुछ सही समय पर होगा। विधायक देविया राणे ने प्रेस को बताया कि वह पहली बार विधायक बनी हैं और उन्हें कई चीजें सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा, मुझे सीखने दो, मैं अभी-अभी विधायक बनी हूं, हमें धीरे-धीरे आगे बढ़ना है। हम अगले स्तर तक नहीं पहुंच सकते। वर्तमान मंत्रियों के पास बहुत अनुभव है। मैं सीख रही हूं। प्रत्येक विधानसभा सत्र एक सीखने का सत्र होता है। मैं अपने सीनियर्स से सीख रही हूं। गोवा विधानसभा में बीजेपी के तीन दम्पति विधायक हैं। जिनमें स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे और उनकी पत्नी देविया राणे, राजस्व मंत्री अतानासियो मोनसेरेट और उनकी पत्नी जेनिफर मोनसेरेट, माइकल लोबो और उनकी पत्नी डेलिलाह लोबो शामिल हैं।



## राजस्थान में उतारे गए रमेश बिधूड़ी, जिले के बनाए गए प्रभारी



**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों में इस वर्ष के वक्त विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में होने वाले चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी ताकत झोंक दी है. इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान में सांसद रमेश बिधूड़ी को उतार दिया है. हाल ही में संसद में बयान देकर चर्चा में आए साउथ दिल्ली से बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी को राजस्थान में जिम्मेदारी सौंपी गई है. संसद के विशेष सत्र के दौरान दक्षिण दिल्ली से बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने अमर्यादित बयान दिया था. वे अपने बयान को लेकर काफी सुर्खियों में रहे. हालांकि, बाद ममें संसद की कार्यवाही से सांसद के बयान हटा दिया गया. इस बीच रमेश बिधूड़ी को खबर सामने आई कि भाजपा ने उन्हें राजस्थान के टोंक जिले का प्रभारी नियुक्त कर दिया है. नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने बुधवार को टोंक जिला का दौरा किया और सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर जौनापुरिया से भेंट की. साथ ही उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की और फिर जयपुर चले गए. इस बार विधानसभा चुनाव में सभी पार्टियों की नजर टोंक जिले पर है. पिछले दिनों टोंक दौरे पर आए कांग्रेस नेता सचिन पायलट से पूछा गया था कि क्या आप फिर से यहां से इलेक्शन लड़ेंगे। इस पर उन्होंने कहा था कि सभी की नजर टोंक पर है, लेकिन उन्हें भरोसा है कि यहां की जनता एक बार फिर पिछली बार से ज्यादा वोट देकर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगी. हालांकि, उन्होंने साफ जवाब नहीं दिया था, लेकिन यहां के लिए दावेदारी करने वाले उम्मीदवारों को इशारा कर दिया है. ऐसे में भाजपा की ओर से रमेश बिधूड़ी को टोंक भेजना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौतीपूर्ण है.

## महाराष्ट्र सरकार ने ईद मिलाद-उन-नबी की छुट्टी शुक्रवार तक बढ़ाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने विपक्ष और मुस्लिम समूहों की इच्छाओं के आगे झुकते हुए, ईद मिलाद-उन-नबी की छुट्टी एक दिन आगे बढ़ाकर शुक्रवार (29 सितंबर) तक करने का फैसला किया है। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने बुधवार शाम इस आशय की घोषणा की और राज्य कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एम. आरिफ नसीम खान और अन्य ने उनका स्वागत किया। इससे पहले, विसर्जन समारोह और ईद मिलाद-उन-नबी के उपलक्ष्य में अनंत चतुर्दशी की आधिकारिक राजकीय छुट्टी एक ही दिन 28 सितंबर को पड़ रही है। चूंकि दोनों त्योहारों के लिए विशाल जुलूस निकाले जाते हैं, इससे समस्याएं हो सकती थीं और पुलिस के लिए भारी भीड़ को प्रबंधित करना मुश्किल हो सकता था, इसलिए छुट्टी की घोषणा करनी पड़ी। दोनों त्योहारों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, कांग्रेस के खान, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी, विधायक रईस शेख, सत्तारूढ़ शिवसेना सांसद राहुल शेवाले, अखिल भारतीय खिलाफत समिति के प्रतिनिधियों और अन्य ने हाल ही में सीएम से मुलाकात की और एक प्रस्ताव सौंपा।




### जम्मू-कश्मीर के राजौरी में बारूदी सुरंग विस्फोट में जवान घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में बुधवार को एक बारूदी सुरंग विस्फोट में एक सैनिक घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि नायक धीरज कुमार नामक सैनिक ने राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास गश्त के दौरान गलती से बारूदी सुरंग पर कदम रख दिया, जिससे वह फट गया और सैनिक घायल हो गया। एक अधिकारी ने कहा, उसे इलाज के लिए उधमपुर के उत्तरी कमान अस्पताल में भेजा गया है।


## चंद्रमा और सूरज के बाद अब शुक्र पर मिशन भेजेगा इसरो

**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 की सफलता के बाद इसरो एक के बाद एक मिशन भेजने पर काम कर रहा है. चंद्रमा और सूरज के बाद अब इसरो दूसरे ग्रहों पर भी अपने मिशन भेजने वाला है. इस बार भारती अंतरिक्ष एजेंसी इसरो सौरमंडल के बाहर के ग्रहों के रहस्यों का पता लगाने के लिए अपने मिशन को भेजेगा. इसरो चीफ एस. सोमनाथ ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि इसरो अब बाहरी ग्रहों के रहस्यों को उजागर करने पर ध्यान दे रहा है. इन ग्रहों में वे ग्रह शामिल हैं जिनमें वायुमंडल स्थित है और उन्हें रहने योग्य माना जाता है. भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के एक कार्यक्रम के दौरान इसरो प्रमुख ने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी शुक्र ग्रह के अध्ययन के लिए मिशन भेजने की तैयारी कर रही है. उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष की जलवायु तथा पृथ्वी पर उसके प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एजेंसी दो उपग्रह भेजने की योजना भी बना रही है. एस सोमनाथ ने कहा कि एक्सपोसेट या एक्स-रे पोलरीमीटर सेटेलाइट को इस साल दिसंबर में लांच करने की तैयारी है. इन उपग्रहों को उन तारों के अध्ययन के लिए भेजा जाएगा, जो समाप्त होने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं. उन्होंने कहा कि एजेंसी एक्सोवर्ल्ड्स नामक सेटेलाइट के बारे में भी विचार कर रही है. ये सेटेलाइट सौरमंडल से बाहर के ग्रहों और अन्य तारों का चक्कर लगा रहे ग्रहों के बारे में जानकारी इकट्ठी करेगा. एस. सोमनाथ ने कहा कि सौरमंडल के बाहर 5,000 से ज्यादा ज्ञात ग्रह हैं जिनमें से कम से कम 100 पर पर्यावरण होने की बात मानी जाती है. उन्होंने बताया कि एक्सोवर्ल्ड्स मिशन के तहत बाहरी ग्रहों के वातावरण का अध्ययन किया जाएगा. इसके साथ ही मंगल पर एक अंतरिक्षयान उतारने की भी योजना है.



## गहलोत के गढ़ में बीजेपी लगाएगी सेंध

**नई दिल्ली।** इस साल के अंत में देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होना है. राजस्थान में विधानसभा चुनाव नवंबर के अंत में हो सकता है. इसे लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों सक्रिय हैं. भाजपा राजस्थान में टिकट बंटवारे को लेकर एमपी का फार्मूला अपना सकती है. सांसदों के साथ केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा चुनाव लड़ाने का दांव चल सकती है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को सीएम गहलोत के गृह जिले जोधपुर से चुनाव लड़वाया जा सकता है. इसी तरह केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश चौधारी के सामने उतारा जा सकता है. आज शाम को इस पर फैसला लिया जा सकता है. टिकट को तय करने के लिए आज शाम को जेपी नड्डा और अमित शाह जयपुर आ रहे हैं. हालांकि कई भाजपा सांसद चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं हैं, लेकिन पार्टी आलाकमान राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, शेखावत के जरिए भाजपा अपने राजपूत मतदाताओं को साधने की कोशिश में जुटी हुई है. दरअसल जोधपुर संभाग में कुल 33 सीटें हैं. 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को यहां से बंपर जीत हासिल हुई थी. बाड़मेर, जोधपुर, पाली, जालोर और नागौर में कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा है. आपको बता दें कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत जोधपुर से लोकसभा का चुनाव जीतकर केंद्री मंत्री बने. यह सीएम अशोक गहलोत का गढ़ माना जाता है. लोकसभा चुनाव में शेखावत ने सीएम गहलोत के बेटे वैभव गहलोत करारी हार दी थी. लेकिन 2018 में विधानसभा चुनाव में जोधपुर संभाग में कांग्रेस ने भाजपा को बड़े अंतर से हराया. कांग्रेस ने राजपूत वोट बैंक में सेंध लगाई. ऐसे में भाजपा के रणनीतिकारों के बीच शेखावत को मैदान में उतराने पर मंथन चल रहा है. हालांकि शेखावत ने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार किया था, लेकिन उन्हें नरेंद्र सिंह तोमर की तरह मैदान में आना होगा. नरेंद्र सिंह तोमर ने भी पहले चुनाव लड़ने से मना किया था, लेकिन आलाकमान की ओर इशारा मिलने पर उन्होंने हामी भर दी. राजस्थान में इस समय भाजपा के 25 सांसद है. भाजपा अधिकांश क्षेत्रों में नाराजगी को दूर करने के लिए सांसदों को सामने लेकर आ रही है.



## उज्जैन में नाबालिग से दुष्कर्म मामले में सरकार का बड़ा एक्शन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 12 साल की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है. इस घटना के सीसीटीवी फुटेज देखकर आपके रौंगटे खड़े हो जाएंगे. उज्जैन की बड़नगर सड़क पर दांडी आश्रम के पास आरोपियों ने एक बच्ची के साथ रेप करके उसे फेंक दिया. इसके बाद इस फुटेज में वह अर्धनग्न अवस्था में इधर उधर घूमती दिखाई दे रही है. अब इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया गया है. साथ ही पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया. इस बीच मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इस घटना पर बड़ा बयान दिया है. एमपी के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए इस घटना की निंदा की. उन्होंने कहा कि पीड़िता अब खतरे से बाहर है और उसकी हालात ठीक है. ये बच्ची उज्जैन की नहीं, बल्कि बाहर की लग रही है. हालांकि, अभी वो ठीक से किसी सवाल का जवाब नहीं दे पा रही है. काउंसलर और चाइल्ड स्पेशलिट पीड़िता से वार्ता करने के लिए लगाए गए हैं. इस मामले के लिए एसआईटी का गठन किया गया है और एक संदिग्ध को भी हिरासत में लिया गया है. अब संदिग्ध से पूछताछ होगी और फिर आगे की कार्रवाई होगी.

मध्य प्रदेश÷ उज्जैन में नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के मामले पर,स्क्क जयंत सिंह राठौड़ ने कहा, ÷महाकाल थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है...मामले में 3 टीमों का गठन किया गया है...कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है। उज्जैन में नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के मामले पर,स्क्क जयंत सिंह राठौड़ ने कहा कि महाकाल थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है. इस मामले में 3 टीमों का गठन किया गया है. कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है. आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा. पीड़ित बच्ची को इंदौर के एमवायएच अस्पताल में रखा गया है और फिलहाल उसकी हालत स्थिर है. मध्य प्रदेश के उज्जैन में नाबालिग बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के बाद अर्धनग्न अवस्था में घुमने और स्थानीय लोगों द्वारा मदद न करने के वायरल वीडियो पर प्रमुख प्रियांक कानूनगो ने कहा, हम इस बच्ची के हाल-चाल को लेकर ष्ठरू को लिख रहे हैं और उसकी मेडिकल रिपोर्ट मांग रहे हैं। मध्य प्रदेश के उज्जैन में नाबालिग बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के बाद अर्धनग्न अवस्था में घुमने और स्थानीय लोगों द्वारा मदद न करने के वायरल वीडियो पर प्रमुख प्रियांक कानूनगो ने दिल्ली में कहा कि हम इस बच्ची के हाल-चाल को लेकर ष्ठरू को लिख रहे हैं और उसकी मेडिकल रिपोर्ट मांग रहे हैं. हमने स्क्क को भी लिखा है और स्न्ढ्ढक्र की कॉपी, बच्ची के बयान की कॉपी और घटना का ब्योरा स्क्क से मांगा है. हमें इस घटना की जानकारी अखबारों से मिली और इसके आधार पर मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस भेजा है. जिन लोगों ने इस बच्ची की मदद नहीं की उनके खिलाफ भी विधिवत कार्रवाई की जाएगी.



# ब्रह्माकुमारीज, मालनपुर, मध्य प्रदेश, उप क्षेत्रीय कार्यालय के तत्वाधान में विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**

मालनपुर/ ब्रह्माकुमारी के पर्यटक प्रभाव जिसकी थीम ÷मेरा देश मेरी शान नमस्ते प्रोजेक्ट के अंतर्गत कार्यक्रम में अतिथि मामा होटल के निर्देशक रामबाबू यादव पहुंचे द्य जिन्होंने बताया हमें जो भी अच्छे विचार मिलते हैं उन्हें हमें सबको बांटना चाहिए द्य हमें अपना व्यवहार बहुत अच्छा बनाना चाहिए द्य जिससे हमसे मिलने वाला हर व्यक्ति खुश होकर जाए द्यकार्यक्रम में दूसरे अतिथि यातायात डिपार्मेंट मां वैष्णो माता कंपनी के मैनेजर, विपिन परिहार पहुंचे द्य जिन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा हमें अपनी बुद्धि को भटकना नहीं है बल्कि एक सटीक निर्णय लेकर अपना कार्य करना चाहिए द्य जिसके लिए आत्मज्ञान और परमात्मा ज्ञान का होना अति आवश्यक है तभी हम एक अच्छे लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं द्य ब्रह्मा कुमारीज मालनपुर की संचालिका ब्रह्माकुमारी ज्योति



बहन ने नमस्ते प्रोजेक्ट को बताते हुए और आग्रह करते हुए कहा जब भी हम किसी से मिले नमस्ते शब्द का प्रयोग करें द्य सिर्फ ऊपर से नहीं दिल के भाव से सामने वाले का अभिवादन करें द्य नमस्ते करने से हमारे जीवन में नम्रता, महानता और सफलता तीनों ही समावेश होती है द्य कार्यक्रम का संचालन ब्रह्मा कुमार सतनाम भाई ने किया एवं सभी का धन्यवाद प्रस्ताव ब्रह्मा कुमार महेश भाई ने किया द्य कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी जानकी बहन ने सभी को राजयोग कराया द्य कार्यक्रम में मीडिया क्षेत्र से समाचार पत्रों के संवाददाता और पत्रकार पहलवान सिंह, एवं बंसल उपस्थित थे द्य कई भाई बहनों ने कार्यक्रम का लाभ लिया एवं नमस्ते शब्द को जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया द्य भारतीय संस्कृति को अपना कर फिर से भारत को स्वर्ग बनाने के लिए सभी ने अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा के ब्राह्मणों द्वारा 1 अक्टूबर रविवार को भदावना धाम में महासभा का आयोजन किया जा रहा है

### कई बडे संतों का महासभा आना तय, लगभग 5000 ब्राह्मणों के एकत्रित होने का अनुमान है

अशोक पाठक/9399969531




**ग्वालियर-** मुरार से 25 कि.मी. दूर प्राचीन तीर्थ स्थल भदावना धाम में 1 अक्टूबर रविवार को ब्राह्मण महासभा का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए गांव-गांव जाकर ब्राह्मण बंधुओं से संपर्क किया जा रहा है महासभा में क्षेत्र के जाने माने संतों सहित ग्वा. ग्रामीण विधानसभा के लगभग 5000 ब्राह्मणों के आने का अनुमान है वरिष्ठ ब्राह्मण बंधुओं द्वारा अपील की जाती है कि 01 अक्टूबर सुबह 11 बजे भदावना धाम पहुंच कर शांति पूर्ण तरीके से सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं!

## गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ लोगों ने गणेश प्रतिमा विसर्जन करने के लिए निकली यात्रा

पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत





**मालनपुर** /मालनपुर के समस्त क्षेत्र एवं शिवाजी पब्लिक स्कूल मे गणेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया और भगवान गणेश की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई जिसमें विद्यालय के संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू सहित विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं ,छात्र-छात्राएं मौजूद रहे सभी ने भगवान गणेश की आरती की ओर पुष्प चढ़कर भगवान गणेश के चरणों में नमन किया द्य विद्यालय के संचालक परिहार ने बताया कि हर वर्ष की भांति श्री गणेश उत्सव पर विद्यालय में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने प्रसादी ग्रहण की विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षकाएं व छात्र-छात्राएं और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी पूजा अर्चना और भंडारे में सम्मिलित हुए विद्यालय मैं गणेश पूजा और भंडारे का आयोजन देखकर बच्चे बहुत ही खुश दिखाई दे रहे थे और सभी बच्चे एक दूसरे के साथ बैठकर भंडारे लुप्त उठा रहे थे। विद्यालय संचालक ने बताया कि विद्यालय में समय-समय पर धार्मिक और संस्कृत कार्यक्रम आयोजित करते हैं जिससे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक और संस्कृति के बारे में भी जान सके और समझ सकें विद्यालय में धूमधाम से गाजे बाजे के साथ पूजा अर्चना संपन्न की गई गणेश यात्रा की शांतिपूर्वक करने में मालनपुर थाना पुलिस मौजूद नगर परिषद कर्मचारियों ने भी सहयोग किया।

## परम् पूज्य महात्मा धारा बाइजी का स्थानांतरण खरगोन से जौनपुर आश्रम उत्तरप्रदेश होने पर विदाई समारोह आयोजित किया

**पुष्पांजलि टुडे खरगोन से मुन्ना खान की खबर**

खरगोन। मानव उत्थान सेवा समिति आश्रम खरगोन से सद्गुरू श्री सतपालजी महाराज की शिष्या परम् पूज्य संत महात्मा धारा बाइजी का स्थानांतरण खरगोन आश्रम से उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में हो गया है उनके साथ महात्मा ज्ञाननिधि बाईजी, समोति बाईजी और सेविका पूंजा जी भी प्रस्थान करेंगे,धाराजी पिछ्ले नो सालो से खरगोन बड़वानी धार अलीराजपुर खण्डवा बुरहानपुर जिलों में आध्यात्मिक संदेश अपने भक्तों को दे रहे थे।

साथ ही उनके समाजिक कार्यों की बात की जाए तो प्रति वर्ष 26 जनवरी को रक्तदान शिविर, जुलाई माह में हर वर्ष गरीब बच्चो को सरकारी स्कूलों में नि शुल्क शिक्षण



सामग्री बांटना, 2अक्टूबर गांधी जयंती पर हर वर्ष सवच्छता अभियान चलाया जिसमें स्थानीय मंत्री और कलेक्टर द्वारा संस्था को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया, अफ्रेल माह में प्रति वर्ष आम जनता के लिए प्याऊ संचालित करना,जिला जेल में बंद कैदी भाईयो को सतमार्ग पर चलने की प्रेरणा देना और रक्षा सुत्र बांध कर अच्छा जीवन जीने की प्रेरणा देना साथ ही गुरू महाराज जी की आज्ञा से भक्तो के लिए नए आश्रमों का निर्माण आदि उल्लेखनीय कार्य उनके द्वारा किए गए। उनके प्रस्थान से पहले एक विदाई समारोह खरगोन आश्रम मे आयोजित किया गया जिसमें उन्होंने सम्पूर्ण निमाड़ वासियों को अपने उद्बोधन में आशीर्वचन दिए और धन्यवाद प्रेषित किया। संस्था के डॉ.मांगीलाल पाटीदार, मानवाधिकार से कमल कुमार गांगले, शिवराम वाघेला, पत्रकार मुन्ना खान, सोहन चौहान और सम्पूर्ण निमाड़ के भक्त जनों ने उनके विचारों को आत्मसात किया।

## द्वारका में वामन जयंती विराट विजय दिन का उत्सव मनाया गया

पिनल नागर, दैनिक पुष्पांजली टुडे



गुजरात। जगत मंदिर द्वारका जो पवित्र चार धामों में प्रचलित हे वहा वामन जयंती के 59 विराट विजय दिन का उत्सव मनाया गया। भगवान श्री द्वारकाधीश की विशेष रूप से आरती एवं श्रृंगार किया गया। द्वारकाधीश के इस पावन मंदिर पर साल 1965 दिनांक 26/9 के दिन पाकिस्तान की ओर से 156 बोम्ब की बौछारे हुई थी लेकिन श्रीजी की कृपा से एक भी बोम्ब नहिं फटा था। इसलिए हर साल वामन जयंती के साथ साथ विजय दिन का भी उत्सव मनाया जाता हे। आज ही के दिन पाकिस्तानी नेवी सेना ने आधी रात में द्वारका पर हमला किया था। जिसमे 156 बोम्ब फेंके गए थे। लेकिन कान्हा की इस नगरी में एक कंकर तक नहिं हिला था। सारी नगरी का अद्भुत बचाव हुआ था। उस दिन की याद में उत्सव मनाया जाता हे। जिसमे विष्णुसहस्त्र पाठ, आरती, छप्पन भोग, विशिष्ट श्रृंगार किया जाता हे एवं ध्वजारोहन किया जाता हे। यह सारे बोम्ब के अवशेष संस्कृत एकेडमी द्वारका के म्युजिम में आज भी स्थित हे। आपभी कभी गुजरात आए तो श्री द्वारकाधीश के दर्शन अवश्य करना।

## सेंवढ़ा नगर के कन्हरगढ़ दुर्ग (सेंवढ़ा किला) में बिराजित ठाकुर श्री नन्द नन्दनजू डोल ग्यारस पर जल बिहार के लिए नगर भृमण पर निकले

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



दतिया।नगर के मुख्य बाजार, हनुमान चौराहा होते हुए सभी डोल पवित्र सनकुआँ धाम पहुंचे। यहां सनकुआँ की पवित्र जलधारा में ठाकुर जी ने बिहार किया। इसके पूर्व नगर भृमण के दौरान समाजसेवा टीम के दारा हनुमान चौराहा पर नगर के सभी मंदिरों के डोलों की आरती कर प्रसादी में साकुदाना की फलारी खिचड़ी एवम केला फल जलपान का वितरण भक्तों को किया गया साथ ही जगह जगह नगर वासियों के दारा पुष्प वर्षा व पूजा अर्चना की गई इस दौरान समाजसेवा टीम के प्रदेश संयोजक श्री श्यामू ठाकुर सह संयोजक राहुल चौरसिया संरक्षक डा नीरज शर्मा बबलू चौरसिया संतोष प्रजापति गुट्टी रजक गोपी माली रामलखन नोनेरिया सुमित चौरसिया जंडेल जादौन हरिशंकर माली सहित संपूर्ण टीम उपस्थित रही।



## भक्त का मतलब है जो उसका सारा भरोसा परमात्मा पर है: मुनि राजपद्मसागरजी म.सा.

पुष्पांजली टुडे



**बेगलूरू ।** श्री शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ एल. एन. पुरम् श्रीरामपूरम में मुनि राजपद्मसागरजी म. सा एवं मुनि श्रमणपद्मसागरजी म.सा की निश्रा में परमात्मा भक्ति का नवग्रह अनुष्ठान चल रहा है। म.सा ने कहा कि भक्त अर्थ होता है। उसे अपने अहंकार पर श्रद्धा नहीं है। अब परमात्मा के अस्तित्व पर श्रद्धा है। जिनको परमात्मा पर श्रद्धा नहीं होती है, उनको अपने अहंकार पर श्रद्धा होती है। जो परमात्मा के वचनो पर श्रद्धा विश्वास करता है, और सच्चे मन से प्रभु से प्रार्थना एवं भक्ति करता है उसके मन के मनोरथ पूर्ण होते है। हमारे शास्त्र में अनेक प्रकार के एसे अनुष्ठान है, जो परमात्मा की आराधना करने से हमारे ग्रह जो है जो हेरान करते है तथा परेशान करते है तो परमात्मा की भक्ति करने से उसका निवारण होता है। इस अनुष्ठान में बहुत बड़ी संख्या में श्रावक एवं श्राविकाओं ने लाभ लिया।

# सहसराम में जारी है भ्रष्टाचार का खेल

**पुष्पांजलि टुडे**

आज 2:00 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर पहुंची विद्यालय पर ताला लगा हुआ था कुछ छात्र इधर-उधर घूम रहे थे जब हमने बच्चों से पूछा बेटा पढ़ने आए हो विद्यालय तो बंद है बच्चों ने कहा विद्यालय रोज इसी तरह खुलता है कोई पढ़ाने नहीं आता है प्राचार्य जगदीश वर्मा से फोन पर संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि में रास्ते में हु जब जगदीश वर्मा प्राचार्य 2 बजे आते है तो क्या होगा संकुल तो सर ने बोला हम घूमने का अधिकार है और हमने पूछा अतिथि शिक्षक कहा उन्होंने कहा कि अतिथि शिक्षक आते है तो टिके जब हमने पूछा की जगदीश सर कि आपका अथिति का टाइम टेबल नही रख रहे हो तो बोला हमे क्या जरूरत है बच्चे आते नही है तो अथिति भी नही आते तो पूछा सर क्यूं रखे है तो सर ने कोई जवाब नही दिया बहुत देर इंतजार करने के बाद देर इंतजार करने के बाद तीन अतिथि शिक्षक विद्यालय में उपस्थित हुए एक और थे जो अपना नाम बताने से भी कतरा रहे थे इससे यह सिद्ध होता है की वह किसी और अतिथि शिक्षक की जगह अपनी सेवा देने आया था बच्चों से पूछा तो बच्चों ने बताया कि किसी की नौकरी करने कोई और आते हैं किसी का ससुर आता है किसी का पति आता है बहन की जगह भाई आता है ऐसा खेल जारी है विद्यालय में उच्च माध्यमिक शिक्षक वीनेश वर्मा संस्कृत की होते हुए भी पद पर अतिथि शिक्षक रख लिया है जबकि शासन यह कहता है की छात्र अगर विद्यालय में पढ़ने आ रहे हो तो ही अतिथियों की सेवाएं




ली जाए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहसराम में हमारे द्वारा करीब 6/ 7 बार भ्रमण किया गया है हर बार 10 कभी 5 बच्चे ही मिलते हैं लेकिन जगदीश वर्मा प्राचार्य द्वारा 12 अतिथि शिक्षकों को लगा रखा है जिनका ना ही तो स्टाफ रजिस्टर है ना ही स्टाफ की सूची है कई अतिथि तो ऐसे लगा रखे हैं जिनके पास ना ही तो व्यावसायिक योग्यता है हायर सेकेंडरी अतिथि के लिए ड्डद्गस्त्र होना अनिवार्य है लेकिन जगदीश वर्मा जी द्वारा बगैर बीएड वालों को भी अतिथि लगा लिया है एक अतिथि शिक्षक तो स्त्रश्वस्त्र किए हुए हैं और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उनका पोर्टल पर नाम चढ़ा हुआ है जो दो-तीन अतिथि आते हैं वह स्थानी है और अपनी कोचिंग भी चलाते हैं और 1::00 बजे के करीब ही विद्यालय में कुछ घंटे के लिए आते हैं और चले जाते हैं बाहर एक कोने में दादा बैठे हुए थे हमने जब उनसे पूछा तो उन्होंने बताया वर्मा जी से मिलने बैठे हैं उन्होंने हमारी बच्ची को अतिथि में लगाने का वादा किया है दादा ने हमें एक रिकॉर्डिंग सुनाई जिसमें प्राचार्य यह कहते हुए दिख रहे हैं कि आपका काम हो जाएगा और विश्वास नहीं हो तो जो आपने दिया है वह वापस ले लो आपकी बच्ची को लगा दिया जाएगा और उसको विद्यालय भी नहीं आना पड़ेगा इससे यह सिद्ध हो रहा है कि पैसे लेकर फर्जी अतिथि लगाए जाते हैं चाहे वह विद्यालय आए या नहीं आए शासन प्रशासन अभी भी आंखें बंद किए हुए बैठा है जिम्मेदार अधिकारी मौन है एक सज्जन भागते हुए देखे हमने छात्रों से पूछा तो उन्होंने बताया कि यह वर्मा जी के आदमी है उनके लिए काम करते हैं लेनदेन वाला और अथिति शिक्षक को संकुल के आईडी पासवर्ड दे के हर किसी का स्कोर कार्ड बनाने के पैसे लिए जा रहे हर किसी को पासवर्ड दे रखा है तो संकुल तो भगवान भरोसे चल रहा है।




# खेल हमे अनुशासन एवं धेर्य सिखाते हैः बिंदु रायसोनी

## जीतो महिलाओं के खेल प्रतियोगिताओं के खिलाड़ियों के नीलामी का आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

जीतो बेंगलूरू नॉर्थ की महिला विंग द्वारा महिलाओं के लिये आयोजित होने वाले क्रिकेट हेतु खिलाड़ियों के नीलामी का आयोजन जीतो के राजाजी नगर स्थित कार्यालय में किया गया। सुगनचंद पवन जितेंद्र हितांश चोपड़ा के मुख्य प्रयोजन में आयोजित होने वाले ÷चोपडा क्रिकेट चैम्पियनशिप में सीमा बाफ़ना की ऊर्जा टीम, मधु सेठिया की परी सुपर स्ट्राइकर्स, सुनीता बोरन्दिया की मानसी ज्वेल्स एवं बिंदु नाहर की वेज ओवन सुपर गेम्स टीमो में खिताब के लिये कशमकश होगी। सभी टीमो के आईकॉन खिलाड़ियों की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में अध्यक्ष बिंदु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। जीतो नॉर्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा, महामंत्री सुधीर गादिया एवं महिला विंग संयोजक कमल पुनमिया ने सभी टीमो को शुभकामनायें दी तथा खेल भावना के साथ खेलते हुए अच्छे खेल प्रदर्शन की आशा व्यक्त की।

इस अवसर पर बिन्दु रायसोनी ने कहा कि जीतो एक विश्व व्यापी सामाजिक संस्था है जो समाज में हर व्यति के उत्थान हेतु कार्य करती है। सामाजिक समरसता को देखते हुए जीतो महिला विंग नॉर्थ ने पहली बार महिलाओं हेतु क्रिकेट मैच और अन्य अनेकों खेल का आयोजन करने जा रहा है। खेल हमें समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन, समूह में कार्य करना और लगन सिखाते हैं। खेल से हमारे आत्मविश्वास स्तर उच्च होता है।उन्होंने कहा कि यदि हम खेल का नियमित अभ्यास करें, तो हम अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सकते हैं। प्रायोजक पवन चोपडा ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बीते पाँच वर्षों में महिला खिलाड़ियों की संख्या में काफ़ी वृद्धि देखने को मिली है।उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर महिलाओं के लिये विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ के आयोजन से खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारा जा सकता है। व्यावहारिक और सामाजिक बदलाव ही महिलाओं के आगे आने के द्वार खोलेगा। उहोने कहा कि मेडलिस्ट पेड़ पर नहीं उगते, उन्हें बनाना पड़ता है, प्यार से, मेहनत से और लगन से। इस आयोजन को सुचारू रूप से तकनीकी के साथ नीलामी करवाने में मितेश संतोष जैन ने सहयोग किया।महिला सहमंत्री भाविका कोठारी, कार्यसमिति सदस्य मीना बड़ेरा, सुष्मिता सेठिया, सुर्यकला सियाल, नीता गादिया, सुमन रांका, संगीता नागोरी, तनुजा मेहता, रुचिका पटावरी एवं सह-संयोजिका सारिका मेहतानका पूर्ण सहयोग रहा। संयोजिका सोमना सिसोदिया ने संचालन किया तथा आभार व्यक्त किया।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**

सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने गुरुवार को अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन के लिए टमस नदी माधवगढ़ तथा सतना नदी पर तिघरा और जिगनहट में बनाए गए कृत्रिम विसर्जन कुंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। उन्होंने विसर्जन कुंड के समीप घाट पर विसर्जन के दौरान किये जाने वाले सुरक्षा प्रबंधों, साफ-सफाई, आवागमन, प्रकाश व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम सिटी नीरज खरे, सीएसपी महेन्द्र सिंह सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नशीली कफ सिरफ ( कोरेक्स) की तस्करी करते दो आरोपियों को सभापुर थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार, आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाएंगे जेल



**पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

**सतना।** जिले के सभापुर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से नशीली कफ सिरफ कोरेक्स की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को थाना प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी की पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कार्यवाही की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर - सेमरिया स्टेट हाईवे मुख्य सड़क मार्ग पर हरिहरपुर पेट्रोल पम्प के समीप पलसर बाइक में सवार दो आरोपियों को घेराबंदी करते हुए पकड़ा,तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 45 नग नशीली कफ सिरफ कोरेक्स बरामद कि। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी ने गिरफ्तार आरोपी किशन पांडे/पिता हेमराज पाण्डेय निवासी सेमरिया जिला रीवा एवं वीराज शुक्ला पिता महेंद्र शुक्ला निवासी बरा गेरुआर थाना सेमरिया जिला रीवा के विरुद्ध एक्ट कि धारा 8,21,20 एवं ड्रग कंट्रोल अधिनियम की धारा 5/13 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी ने बताया कि दोनों आरोपियों को कल न्यायालय में पेश किये जाने के उपरांत न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया जाएगा है।

## खेलों मप्र यूथ गेम्स की टोर्च 28 को भिण्ड आएगी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मुख्यमंत्री की घोषणा के पालन में खेलो इंडिया की तर्ज पर मध्य प्रदेश शासन खेल और युबा कल्याण विभाग दुबारा आयोजन खेलो मप यूथ गेम्स 12 सितंबर से 5 अक्टूबर तक प्रदेश मे आयोजन किया जा रहा है जिसकी टॉर्च गो माननीय मंत्री खेल और युवा कल्याण के द्वारा प्रदेश के समस्त जिलो में भ्रमण करेगी इसी क्रम में भिंड जिले में यह रैली 28 तारीख को आएगी, जिसका इंदिरा गांधी चौराहे पर गणमान्य नागरिक गण एवं प्रशासन अधिकारियों के द्वारा स्वागत किया जाएगा उसके पश्चात नंबर 1 स्कूल से होते हुए सुभाष चौराहे तक भ्रमर कराया जाएगा उसके बाद रैली को ग्वालियर के लिए रवाना किया जाएगा।

## राजपूताना का परिचय सम्मेलन आज

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली**

ग्वालियर। क्षत्रिय सामाजिक संस्था राजपूताना के तत्वधान में वैवाहिक परिचर्चा एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन कल 28 सितंबर अपरान्ह 1÷30 बजे से संत श्री कृपाल सिंह जी महाराज के मुख्य आतिथ्य एवं आचार्य जगदीश तोमर की अध्यक्षता में भिंड रोड स्थित एक निजी होटल में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुनेंद्र सिंह भदौरिया, श्रीमती किरण भदौरिया, राजेन्द्र सिंह नाती, सुनील राठौर ,धीरेंद्र सिंह चौहान विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। राजपूताना के संयोजक दीपक तोमर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राजपूताना क्षत्रिय परिजनों के मध्य शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि के क्षेत्र में सहयोग प्रदान कर रहा है। इसी कड़ी में वैवाहिक परिचर्चा एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन कर एक नई पहल संस्था ने की है। कार्यक्रम संयोजक सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा एवं अमर सिंह परिहार ने जानकारी दी कि परिचय सम्मेलन का मुख्य उद्देश विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिजनों के मध्य उपयुक्त जानकारी प्रस्तुत कर इच्छुक परिवारों के बीच सहज बातचीत हो सके यह सुनिश्चित करना है। राजपूताना के प्रथम प्रयास में 35 परिवारों ने पंजीयन करवाया है राजपूताना के यशपाल सिंह बैस,पी .एस. कुशवाहा, डॉ.आदित्य भदौरिया, अनंगपाल सिंह भदौरिया, सागर नाती आदि ने इस कार्यक्रम में पंजीकृत परिवारों से निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पहुंचने का आग्रह किया है।

## 31 दिसंबर 2025 तक शत-प्रतिशत ग्रामीण घरों में नल-जल सप्लाई का लक्ष्य

**पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**

प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ल ने बताया कि विभाग द्वारा 31 मार्च 2024 तक 76 प्रतिशत (85 लाख 52 हजार ग्रामीण घर) एवं 31 दिसंबर 2025 तक शत प्रतिशत (112 लाख 17 हजार ग्रामीण घर) प्रगति का लक्ष्य रखा गया है। प्रमुख सचिव श्री शुक्ल ने बताया कि समस्त शत-प्रतिशत ग्रामीण घरों तक नल-जल प्रदाय के लिये जल-जीवन मिशन अन्तर्गत 79 ह?ार 604 करोड़ लागत की योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गयी है। एकल नल-जल योजना में 17 हजार 166 करोड़ लागत से 26 हजार 261 ग्राम और 62 हडार 438 करोड़ लागत से 35 हजार 996 ग्राम में नल-जल सुविधा का कार्य किया जा रहा है। कुल 148 समूह नल-जल योजना में से 33 योजना पूर्ण हो गयी हैं। जिनसे 1733 ग्राम में नल जल सुविधा प्रदान की जा रही है। 32 हजार 700 ग्राम की 109 समूह नल-जल योजना प्रगतिरत हैं। शेष 6 योजनाओं की निविदा प्रक्रियाधीन है। 26 हजार 261 एकल नल जल योजनाओं में से 8 हजार 425 पूर्ण, 16 हजार 916 प्रगतिरत और 920 योजनाओं की निविदा प्रक्रियाधीन है।

## सीएम हाउस से प्राप्त अनुभाग नागौद की 93 शिकायतों का हुआ त्वरित निराकरण

**पुष्पांजलि टुडे, राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना मुख्यमंत्री निवास कार्यालय भोपाल से सतना जिले के नागौद अनुभाग के ग्राम वासियों एवं हितग्राहियों द्वारा की गई विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई है। कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी नागौद द्वारा जांच दल के माध्यम से तत्काल शिकायत में त्वरित कार्यवाही करते हुए समस्या का निराकरण कर दिया गया है। इसी क्रम में अनुभाग नागौद जिला सतना अंतर्गत कुल 93 शिकायतों का निराकरण किया गया। शिकायतों के त्वरित निराकरण कराये जाने की कार्यवाही से सभी शिकायतकर्ता एवं ग्रामवासी पूर्णतः संतुष्ट है।

## जय मां पावई वाली सेवा समिति के भक्त हर सोमवार बना रहे हजारों भक्तो का भंडारा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । अटेर विधान सभा अंतर्गत पावई मंदिर में सफाई का अभाव तथा बाहर से दिल्ली बंबई जैसे बड़े शहरों से आने वाले भक्तो को पानी की भी व्यवस्था का अभाव आदि समस्याओं को देखते हुए आसपास के गांवों के 450 युवाओं ने एक ग्रुप बनाकर पावई माता मंदिर की व्यवस्था को सम्हाला , हर संडे मंदिर की धुलाई की जाती हैं,और सभी सदस्य मिलकर प्रति सोमवार हजारों भक्तो के लिए भंडारे की व्यवस्था करते हैं तथा पानी पीने की व्यवस्था करते हैं जो की सरहनीय कदम है,प्रेस को जारी विज्ञप्ति में ग्रुप की तरफ से बताया गया ,जिले का सबसे पुरानी माता की शक्ति पीठ है ,जिन्हे करौली वाली माता की छोटी बहिन माना जाता है,यहां औरंगजेब भी माता की प्रतिमा को हाथ तक नहीं लगा पाया था,माता के दरबार में जो आया कभी खाली हाथ नहीं गया, लेकिन दुर्भाग्य देखिए इस स्थान का न तो जीर्णोधार हुआ और नही मंदिर मार्ग से लेकर अन्य व्यवस्थाये सुद्रण की गई, लेकिन मां पावई वाली की कृपा से आसपास के नौजवानो में ऐसी प्रेरणा आई की बिना सरकार के सहयोग से जय मां पावई वाली भक्त मंडल ने सारी सेवाए निस्वार्थ भाव से सम्हाल ली है जो की प्रसंशनीय है ।

## जय शिवाजी जय भवानी के जयकारों से गुंजायमान हुए शैक्षणिक संस्थान

### भारत माता की आरती और छत्रपति शिवाजी को नमन कर शौर्य रथ यात्रा का किया स्वागत





**महेद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली**

ग्वालियर। 350 वां वर्ष हिंदवी स्वराज्य समारोह समिति ग्वालियर के तत्वावधान में निकाली जा रही शिवाजी शौर्य रथ यात्रा दूसरे दिन मंगलवार को कृषि महाविद्यालय से शुरू हुई। इस दौरान महाविद्यालय के डीन, प्राध्यापक सहित विद्यार्थियों ने भारत माता की आरती कर जय शिवाजी जय भवानी के गगन भेदी जयकारे लगाए। इसके बाद रथ यात्रा लक्ष्मीबाई शारीरिक शिक्षा संस्थान पहुंची। जहां संस्थान के कुलपति श्री घई एवं कुलसचिव अमित यादव सहित शिक्षक, कर्मचारियों सहित 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने यात्रा का स्वागत किया। विशेष तौर पर शिवाजी हाउस के छात्रों ने जय शिवाजी के उद्घोष से आकाश गुंजायमान कर दिया। तत्पश्चात शौर्य रथ यात्रा माधव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में पहुंची। जहां संस्थान की ओर से ट्रस्टी रमेश अग्रवाल एवं संस्थान के डायरेक्टर आर पंडित सहित शिक्षक, कर्मचारियों और डेढ़ सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भारत माता की आरती कर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान जय शिवाजी जय भवानी के नारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा।

इसके बाद यात्रा गोला का मंदिर होते हुए विजयाराजे सिंधिया गर्ल्स महाविद्यालय मुरार पहुंची। संस्थान के प्राचार्य, शिक्षकों और 70 से अधिक छात्राओं ने मां भारती की आरती कर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके स्वराज को याद किया। यात्रा अपने अंतिम चरण में श्यामलाल पांडवीय महाविद्यालय पहुंची। जहां ढाई सौ से अधिक छात्र-छात्रा, संस्थान के प्राचार्य, आचार्य, कर्मचारी यात्रा की प्रतीक्षा कर रहे थे। यहां बहुत देर तक मां भारती का उद्घोष होता रहा। आरती, पुष्पांजलि और फूल माला अर्पित करने के बाद शिवाजी के स्वराज तथा उनके कृतित्व पर चर्चा हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्वालियर विभाग कार्यवाह देवेन्द्र गुर्जर विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह यात्रा जहां-जहां से गुजरी लोगों के कौतूहल का विषय रही और भारत मां के चित्र को देखते ही कई युवा भारत मां की जय का उद्घोष कर रहे थे। यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ग्वालियर जिला कार्यवाह मुनेंद्र सिंह कुशवाह, समिति के सह सचिव सतेंद्र दुबे, सदस्य प्रवीण भारद्वाज, विद्यार्थी परिषद के सत्यप्रकाश तोमर, जयदीप सिंह भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

### आज यहां जाएगी यात्रा

समिति के सचिव संजीव गोयल ने बताया कि यात्रा तीसरे दिन मानसिंह कॉलेज, भगवत सहाय कॉलेज, ट्रिपल आईटीएम, झलकारी बाई कॉलेज और शासकीय आईटीआई कॉलेज पहुंचेगी।

संपादकीय

## न्याय की भाषा

किसी भी लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसके नागरिकों को आर्थिक, सामाजिक और कानूनी न्याय सहजता से मिल सके। इसी कड़ी में देश के अंतिम व्यक्ति को न्याय प्रक्रिया से सहजता से न्याय मिलना भी उतना ही जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की उपस्थिति में कहा कि सरकार की कोशिश है कि कानूनों को आसान व भारतीय भाषाओं में बनाने का प्रयास किया जाए। निस्संदेह, यह एक सार्थक पहल कही जाएगी। निश्चित रूप से कानून का मसौदा उस भाषा में सहजता–सरलता से पेश होना चाहिए, जिसे देश का आम आदमी भी समझ सके। यही सोच देश के शीर्ष स्वतंत्रता सेनानियों की भी थी, जो खुद परतंत्र भारत में अच्छे अधिवक्ता थे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी थी कि फैसलों की अनुवादित प्रति वादी की मातृभाषा में भी उपलब्ध करायी जाए। मगर विडंबना यही है कि आजादी के सात दशक बाद भी अधिकतर सरकारी काम व न्यायिक व्यवस्था के फैसले अंग्रेजी में ही उपलब्ध होते हैं। जाहिर बात है कि व्यक्ति की अपनी मातृभाषा में मिला फैसला उसे समझने में संतुष्टि देता है और उसके विभिन्न पहलुओं से गहनता के साथ रूबरू कराता है। इस बाबत प्रधानमंत्री का कहना था कि सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि कानून को दो तरह से बनाया जाए। कानून का एक मसौदा उस भाषा में हो, जिसका उपयोग न्यायालय करता है। दूसरा उस भाषा में जिसे आम आदमी सहजता से समझ सके। बहरहाल, आदर्श न्याय प्रणाली का तकाजा तो यही है कि कानून की भाषा निर्विवाद रूप से आम आदमी की समझ में आने वाली हो। कोशिश हो कि व्यक्ति को उसी की भाषा में न्याय मिल सके। आजादी का अमृतकाल मना रहे देश का नागरिक यदि इस सुविधा से वंचित है तो नीति–नियंताओं के लिये चिंता का विषय होना चाहिए। हालांकि, इस दिशा में एक सार्थक पहल यह हुई है कि देश की शीर्ष अदालत ने न्यायिक फैसलों का हिंदी समेत कई क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद कराने का फैसला किया है। इसके बावजूद देश के विभिन्न राज्यों में स्थित उच्च न्यायालयों में राज्य की मुख्य भाषा में न्याय मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। वैसे दुनिया के तमाम देशों में स्थानीय भाषा में कानून बनाने व न्याय देने की सार्थक पहल सिरे चढ़ी है। जरूरत इस बात की भी है जो अनुवाद अंग्रेजी से हिंदी या अन्य भाषा में हो, वह भी सरल व सहज हो। भाषा की जटिलता कई बार बुरा अनुवाद उपलब्ध कराती है। जो कई बार अनुवाद की गई भाषा से भी अधिक जटिल होता है। राजग सरकार में पिछले दिनों कुछ राज्यों में इंजीनियरिंग व मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में होनी संभव हुई है। इसी तरह की पहल कानून बनाने व न्याय देने में भी हो तो आम आदमी को खासी राहत मिलेगी। खासकर कम पढ़े–लिखे व ग्रामीण परिवेश के अंग्रेजी न जानने वाले लोगों तो इससे राहत जरूर मिलेगी।

# नये भवन से बिधूड़ी के भयानक संकेत

**एजेंसी**

*भाजपा शासित राज्यों के मुकाबले कांग्रेस की सरकार वाले प्रदेशों में लोगों के बेहतर जीवन स्तर की लोगों को जानकारी मिल रही है। इसका परिणाम हिमाचल प्रदेश एवं कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में मिल चुका है। इतना ही नहीं, इसी माह हुए 7 उपचुनावों के नतीजों ने भी भाजपा की कमजोर होती जमीन का अंदाजा दे दिया है।*

सकल घरेलू उत्पाद में कमी दे रही है अर्थव्यवस्था में संकट के संकेत2023–24 के बजट प्रस्तावों का उद्देश्य हो जनता के पक्ष में संसाधनों का वितरण पिछले सप्ताह जब भारतीय लोकतंत्र अपना ठिकाना बदल रहा था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 'संसद नये विश्वास, नये संकल्प और नयी ऊर्जा के साथ पुराने भवन से नये भवन की ओर जा रही है', तब किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने यह उत्साह लोकतांत्रिक मर्यादाओं को ध्वस्त कर देने के लिये अर्जित किया है। उसका सम्बन्ध उन सकारात्मक विचारों से बिलकुल नहीं है जो संसद के भीतर प्रदीर्घ तथा बाहर मीडिया के समक्ष संक्षिप्त उद्बोधनों के जरिये मोदी व्यक्त कर रहे थे। 18 से 22 सितम्बर तक आयोजित विशेष सत्र के चौथे दिन (जो सत्र का आखिरी दिन साबित हुआ क्योंकि उसे 21 को ही समेट दिया गया) की देर रात जब लोकसभा में चन्द्रयान की सफलता को लेकर चर्चा हो रही थी, सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के रमेश बिधूड़ी ने अमरोहा के लोकसभा सदस्य (बहुजन समाज पार्टी) दानिश अली को वह सब कुछ कह दिया जो असंसदीय तो था ही, बेहद शर्मनाक, अमानवीय और सीधे–सीधे आपराधिक कृत्य की श्रेणी में भी आता है। सदन के अध्यक्ष द्वारा दोबारा ऐसा करने पर कार्रवाई की चेतावनी देने और एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा बयान को अफसोसनाक कहकर बिधूड़ी को तो बचा लिया गया लेकिन उन्होंने जो कहा, वह साफ संकेत है कि भाजपा अपने नफरती एजेंडे के जरिये सामाजिक ध्रुवीकरण करने के नूतन विश्वास एवं नवसंकल्प के साथ नये–नवेले भवन में आई हैय और उसकी (नकारात्मक) ऊर्जा चरम पर है। बिधूड़ी का बयान कोई तैश में आकर या अनायास आया वक्तव्य नहीं है। अपनी कट्टरता के लिये पहचाने जाने वाले दक्षिण दिल्ली के ये सांसद भाजपा के उसी सम्प्रदाय के एक अनुयायी हैं जिनमें अनुराग ठाकुर, प्रवेश वर्मा, प्रज्ञा ठाकुर, नुपुर शर्मा, हिमंता बिस्व सरमा आदि हैं। इनके दिल में विरोधी राजनैतिक दलों व उनके नेताओं के अलावा सांप्रदायिक कट्टरता इतनी है कि गाहे–बगाहे उनका लावा फूटता रहता है। यह भाजपा का खाद–पानी है जिसके बल पर उसकी वोटों की खेती लहलहाती है इसलिये दिखावे के लिये कभी–कभार चाहे पार्टी नेतृत्व को उनकी निंदा करने वाला कोई बयान आ जाता हो, परन्तु ये पार्टी के लिये बेहद उपयोगी लोग हैं। पूरा नेतृत्व संसद के भीतर हो या बाहर, उन्हें बचाने में देर नहीं लगाता। कड़ुवे बोलने वाली नुपूर शर्मा व प्रवेश वर्मा को पार्टी ने 'फ्रिंज एलीमेंट' कहकर सुरक्षित निकाल लिया, तो प्रज्ञा ठाकुर द्वारा महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे को 'देशभक्त' कहने पर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने की बजाय मोदी ने इतना कहकर मामले पर मिट्टी डाल दी कि 'वे (प्रधानमंत्री) उन्हें (प्रज्ञा को) दिल से कभी माफ नहीं कर पायेंगे।' अब भी बिधूड़ी के खिलाफ कोई कार्रवाई न होना बतलाता है कि भाजपा का इन पर भरोसा व प्रेम कायम है। क्या यह गुस्सा परिस्थितिवश अचानक उबाल मार गया या यह सोची–समझी साजिश है? कहा जा सकता है कि दोनों का ही इसमें समावेश है। पिछले कुछ समय से भाजपा की केन्द्र सरकार की नाकामियां एक–एक कर सामने आ रही हैं। मोदी सरकार के तमाम फैसले निष्फल साबित हो चुके हैं, फिर वह चाहे उज्ज्वला योजना हो या मेक इन इंडिया या फिर स्टार्ट अप इंडिया। नोटबन्दी से लेकर जीएसटी के दुष्परिणाम भी लोगों को पता चल गये हैं। गौतम अदानी को लेकर भी मोदी–भाजपा कठघरे में हैं। हिन्दू–मुस्लिम, भारत–पाकिस्तान, श्मशान–कब्रिस्तान से उब चुके लोगों को भौतिक जरूरतों का महत्व फिर से ज्ञात होने लगा है। भाजपा शासित राज्यों के मुकाबले कांग्रेस की सरकार वाले प्रदेशों में लोगों के बेहतर जीवन स्तर की लोगों को जानकारी मिल रही है। इसका परिणाम हिमाचल प्रदेश एवं कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में मिल चुका है। इतना ही नहीं, इसी माह हुए 7 उपचुनावों के नतीजों ने भी भाजपा की कमजोर होती जमीन का अंदाजा दे दिया है। मोदी की छवि सतत गिरावट दर्ज कर रही है तो उनके मुकाबले में राहुल गांधी मजबूत होते दिख रहे हैं। भाजपा के अनुमानों के विरूद्ध 28 दलों का विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' लगातार ताकत बटोर रहा है जिसके कारण उत्तर प्रदेश के घोसी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की बड़ी पराजय हुई। जी–20 से लेकर नये संसद भवन को लेकर जो कार्यक्रम बनाये गये थे, उनके अपेक्षित लाभ मोदी की छवि सुधारने की दिशा में नहीं मिल सके। इतना ही नहीं, महिला विधेयक के नाम पर मोदी ने महिला मोर्चे की ओर से चाहे अपना स्वागत–सत्कार करा लिया हो लेकिन देश जान चुका है कि यह छलावा मात्र है क्योंकि इसका लाभ 2029 के पहले महिलाओं को मिल नहीं सकेगा। यह सरकार खुद ही स्पष्ट कर चुकी है। अपनी पार्टी व नेता की गिरती छवि के साथ मिलती असफलताओं से क्षुब्ध बिधूड़ी द्वारा एक अल्पसंख्यक सांसद को उग्रवादी, मुल्ला, कटुआ, बाहर देख लेने की धमकी देना उसी भड़ास का निकलना है। दूसरी ओर, यह वर्षों से भाजपा एवं उसकी मातृ संस्था मोदी की मुस्लिम विरोधी मानसिकता का भी परिणाम है। बिधूड़ी जो बोले, इन संस्कारों से पोषित–प्रशिक्षित जमात वर्षों से कहती आई है। फर्क इतना सा है कि अब की यह बात ऐसे मंच से कही गई है जहां मर्यादाओं का पालन अब भी थोड़ा–बहुत होता है, शर्म–ओ–हया फिर भी शेष है, लिहाज होता है। जिस पार्टी का प्रधानमंत्री लोगों को कपड़ों से पहचान लेने की बात करता हो, चुनावी मैदान में 80 बनाम 20, गौमाता या बजरंग बली के फार्मूले लेकर उतरता हो, उसके एक सिपहसालार से यही उम्मीद की जा सकती है। बहुमत के बल पर बिधूड़ी को तो बचाया जा सकता है, पर लोकतंत्र को नहीं! बिधूड़ी ने ये भयावह संकेत दिये हैं।

# पुरातत्व एवं पत्रकारिता को समर्पित, सदैव गतिमान दिनेश चंद्र वर्मा

**पवन कुमार वर्मा**

इतिहास, पुरातत्व और धार्मिक विषयों पर अपनी अलग और मजबूत पकड़ रखने वाले श्री दिनेश चंद्र वर्मा एक ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने लेखन और पत्रकारिता के क्षेत्र में देश ही नहीं वरन विदेशों में भी नाम रोशन किया। उनके लेख देश की प्रमुख पत्रिकाओं और समाचार पत्रों में प्रमुखता के साथ प्रकाशित हुये। इनके लेखों का अनुवाद चीन, जापान, नेपाल तथा श्रीलंका के पत्र और पत्रिकाओं में भी हुआ। उनके अनेक लेखों में कई लेख देश के गौरवशाली इतिहास, पुरातत्व और धार्मिक स्थलों से जुड़े हुए थे। इससे ऐसा प्रतीत होता रहा कि श्री वर्मा देश के वैभवशाली इतिहास और पुरातत्व से देश के जनमानस को परिचित करना चाहते थे। उनके प्रयास सार्थक हुए, उनकी कलम के जरिए 70–80 के दौर की सबसे प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित पत्रिका धर्मयुग,,कादम्बिनी, नवनीत, में देश के इतिहास, पुरातत्व और धार्मिक स्थलों से जुड़े दर्जनों लेख प्रकाशित हुए ।विदिशा जिले के शमशाबाद में 29 जुलाई 1944 को जब श्री दिनेश चंद्र वर्मा ने जन्म लिया था, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आगे चलकर वे देश के प्रख्यात पत्रकारों एवं संपादकों में शुमार होंगे। वे शमशाबाद से निकल कर विदिशा आये और यहीं से उन्होंने अकेले चलना शुरू किया और देखते ही देखते वे एक अजातशत्रु के रूप में उभर गए। विदिशा जिले के ही अरबरिया ग्राम में उनकी प्रारंभिक शिक्षा हुई। इसके बाद वे हाई स्कूल की पढ़ाई करने के लिए विदिशा आ गए। यहीं से उनका कारवां ऐसा बना कि समाजसेवी, नेता, अफसरों के साथ ही आम जनता भी उनकी लेखनी की कायल हो गई। चिंगारी से शुरू हुआ सफर देश की जानी–मानी पत्रिका धर्मयुग, सरिता, मुक्ता, नवनीत, कादंबिनी, साप्ताहिक हिन्दुस्तान, भू–भारती, अवकाश, माया, श्रीवर्षा, दिनमान, रविवार, मनोहर कहानियां,खास खबर, शान–ए–सहारा से लेकर देश के कई समाचार पत्रों में छपने के साथ जारी रहा।श्री वर्मा ने पत्रकारिता जगत में महज 16 साल की उम्र में कदम रख दिया था। पूर्व विधायक हीरालाल पिप्पल विदिशा से चिंगारी अखबार का प्रकाशन करते थे, श्री वर्मा ने इस अखबार में काम कर पत्रकारिता की शुरूआत की। साथ में हाई स्कूल की पढ़ाई भी करते रहे। विदिशा में वर्ष 1965 में बाढ़ आई। इस वक्त श्री वर्मा भोपाल आ चुके थे और नवभारत में कार्यरत थे। तेज बारिश के चलते भोपाल से पानी छोड़ा गया। नतीजे में अगले दिन विदिशा शहर के अधिकांश हिस्से में पानी भर गया, घरों में पानी भर जाने से रहवासियों का खासा नुकसान हो गया। श्री वर्मा ने नवभारत में इस बाढ़ की रिपोर्टिंग की, जिसमें यह सामने आया कि भोपाल से पानी छोड़े जाने की जानकारी विदिशा के जिला प्रशासन को दी गई थी, लेकिन प्रशासन रात में हरकत में नहीं आया और शहर में पानी ने भारी तबाही मचा दी। श्री वर्मा की यह पड़ताल करती हुई खबर नवभारत के प्रथम पृष्ठ पर लीड स्टोरी के रूप में लगी, खबर छपते ही विदिशा जिला प्रशासन के अफसरों में हडकंप मच गया। संभवतरू विदिशा की समस्या पहली बार इतनी बड़ी स्टोरी के रूप में उस दौर के सबसे बड़े अखबार में प्रकाशित हुई थी। भोपाल में रहने के दौरान श्री वर्मा ने दैनिक भास्कर में भी काम किया। इसके बाद श्री वर्मा इंदौर चले गए, जहां पर उन्होंने इंदौर जागरण, इंदौर समाचार आदि समाचार पत्रों में काम किया। यही रहते हुए उन्होंने हाई स्कूल के विद्यार्थियों के लिए इतिहास,नागरिक शास्त्र विषय पर पॉकेट बुक भी कई वर्षों तक लिखी। श्री वर्मा जब महज 30 साल के थे,तब उन्होंने इंदौर में रहते हुए देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर किताब लिख दी थी। 'एक और अवतार इंदिरा गांधी' शीर्षक से यह किताब प्रकाशित हुई। इस किताब की भूमिका तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश चंद सेठी ने लिखी थी।

देश की अधिकांश प्रसिद्ध पत्रिकाओं धर्मयुग, सरिता, मुक्ता, नवनीत, कादंबिनी, साप्ताहिक हिन्दुस्तान, भू–भारती, अवकाश, माया, श्रीवर्षा,कंचन प्रभा, रविवार, दिनमान, मनोहर कहानियां, में उनके आलेख प्रकाशित हुए। राजनीतिक और सामाजिक सरोकारों पर प्रकाशित हुए उनके कई लेख प्रदेश ही नहीं बल्कि दिल्ली में बैठे राजनेता भी मुद्दा बनाते रहे। अपनी लेखनी के बल पर उन्होंने कई बार सरकार की नाकामियों और राजनेताओं के भ्रष्टाचार की पोल भी बेबाकी के साथ खोली। दिल्ली प्रेस प्रकाशन की भू–भारती और आज ग्रुप की अवकाश में उनके राजनीतिक आलेखों का इंतजार मध्यप्रदेश के ही नहीं बल्कि देश के भी कई राजनेता और राजनीति में रूचि रखने वाले पाठक करते थे। नवनीत, कादम्बिनी, धर्मयुग,कंचनप्रभा में उनके इतिहास और पुरातत्व पर सैकड़ों आलेख प्रकाशित हुए। विदिशा जिले के रावन दुपारिया गांव में स्थित रावण की प्रतिमा पर श्री वर्मा ने 1976 में धर्मयुग में आलेख लिखा था। 'जहां राम और रावण की पूजा होती है'। उन्होंने विदिशा के विजय मंदिर में स्थित भगवान गणेश की प्रतिमा पर भी नवनीत में आलेख लिखा। बौद्ध तीर्थ सांची में बौद्ध अस्थियों की तस्करी का उनका आलेख उस वक्त देश ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों में चर्चित हुआ था। यह आलेख उनका भू–भारती में प्रकाशित हुआ था। श्री वर्मा ने सांची के तोरण द्वारों की महत्ता भी अपने आलेखों के जरिए बताई। महेंद्र और संघमित्रा पर भी उनके कई आलेख प्रकाशित हुए। सतधारा पर भी उनके कई लेख विभिन्न पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। सांची, सतधारा पर लिखे उनके कुछ आलेखों का जिक्र राज्यसभा तक में हुआ। इतिहास, पुरातत्व विषयों पर उनकी आकाशवाणी से भी कई वार्ताएं प्रकाशित हुई।श्री वर्मा की इतिहास और पुरातत्व पर कलम जितनी मजबूत थी, उतनी ही पकड़ उनकी धार्मिक आलेखों पर भी थी। 'कुंभ पर्वो की परम्परा और प्राचीनता', भोजपुर के शिव मंदिर पर उनका लिखा आलेख 'एक और सोमनाथ' आज भी कई लोगों को याद है। नवनीत में प्रकाशित उज्जैन के मंगलनाथ मंदिर पर आधारित 'मंगल नाथ से हुई मंगल गृह की उत्पत्ति ' आलेख भी खासा चर्चित हुआ था। उदयगिरी की गुफाओं, ग्यारसपुर का मालादेवी मंदिर, उदयपुर का नीलकंठेश्वर मंदिर आदि पर भी श्री वर्मा ने खासा लिखा। भारत में नाग पूजा की परम्परा पर भी श्री वर्मा ने लिखा। कई वर्षों तक देश भर की प्रसिद्ध पत्रिकाओं में प्रकाशित होने के साथ ही अपना अखबार कटिबंधा निकाला। फिर श्री वर्मा भोपाल में शिखर वार्ता में काम करने लगे। इसके बाद श्री वर्मा ने भोपाल से वचनबद्ध का प्रकाशन शुरू किया। उन्होंने 1994 में विनायक फीचर्स शुरू की। जिसके माध्यम से उन्होंने कई छोटे–बड़े पत्रकारों और नवोदित लेखकों के आलेख देश के विभिन्न समाचार पत्रों में भी प्रकाशित करवाए। मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग की पत्रिका मध्यप्रदेश संदेश में श्री वर्मा लगातार प्रकाशित होते रहे।श्री वर्मा ने आम लोगों की आवाज बुलंद करने और उनकी आवाज को सरकार एवं प्रशासन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वचनबद्ध का प्रकाशन शुरू किया। इस दौरान उन्होंने बेतवा नदी की साफ–सफाई और प्रदूषण मुक्त रखने के लिए नेताओं के साथ ही समाजसेवियों और आम जनता को प्रेरित करने का प्रयास किया। उन्होंने वचनबद्ध में नदियों के प्रति नेताओं सहित अफसरों और समाजसेवियों, आम नागरिकों को जिम्मेदारी का बोध करवाने एक प्रश्नावली तैयार की थी। जिसमें पूछा गया था कि अपनी नदियों के प्रति आपका पहला कर्तव्य क्या है, नदियों को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त कैसे बनाया जाए। बेतवा के प्रदूषित होने पर कई बार प्रशासन और अफसरों से भी बैर लिया।पत्रकारिता में श्री वर्मा ने सामाजिक सरोकार और सच्चाई का साथ आखिरी सांस तक नहीं छोड़ा। इसके चलते प्रदेश की राजनीति के कई बड़े चर्चित चेहरे उनसे नाराज भी हुए। उनकी बेबाक लेखनी के चलते कई बार अफसरों से भी उनका विवाद हुआ, लेकिन उनसे नाराज नेता, अफसर भी उनकी लेखनी का सम्मान करते रहे।पत्रकार होने के नाते अनेक राजनेताओं से उनके नजदीकी संबंध थे।कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलापति त्रिपाठी, अर्जुन सिंह, बलराम जाखड़,विद्या चरण शुक्ल, श्यामाचरण शुक्ल, प्रकाश चंद सेठी और माधवराव सिंधिया ,देश के प्रख्यात शायर एवं फिल्म कहानियों के लेखक जावेद अख्तर, पूर्व सांसद गुफरान ए आजम और पूर्व विधायक हसनात सिद्दीकी से उनके नजदीकी संबंध थे लेकिन बात जब पत्रकारिता की चलती थी तो उनके सबसे ज्यादा नजदीक सत्य ही होता था।

# कनाडा, 'फाइव आई' और भारत

खालिस्तान समर्थक अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में हुई हत्या के मामले में अमेरिका ने इस देश के प्रधानमन्त्री जस्टिन ट्रूडो के मत का समर्थन करके भारत को फंसा दिया है। कनाडा के ओटावा स्थित अमेरिकी राजदूत श्री डेविड कोहेन ने यह कह कर श्री ट्रूडो का बयान उसी गुप्तचर सूचना पर आधारित है जो 'फाइव आई' देशों की आपसी साझा सूचना तन्त्र से मिला था। श्री ट्रूडो ने यह कहकर भारत की भूमिका पर गंभीर सवाल लगा दिया था कि निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों के हाथ होने का सन्देह है। इसके बाद भारत और कनाडा के राजनयिक सम्बन्ध बहुत संजीदा मोड़ पर पहुंच गये हैं क्योंकि भारत ने ऐसे आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद और बिना किसी सबूत का कहा है। श्री ट्रूडो ने यह बयान अपने देश की संसद में देने के बाद इसे एक बार फिर दोहराया और यहां तक कहा कि इस बारे में उन्होंने नई दिल्ली में जी–20 देशों के सम्मेलन से पहले ही भारत को बता दिया था। जी–20 सम्मेलन के दौरान भी श्री ट्रूडो का रुख बहुत ठंडा ही देखा गया था। परन्तु अमेरिका के राजदूत द्वारा कनाडा के रुख का समर्थन करने से अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति विशेषकर भारत व अमेरिका के सम्बन्धों में हल्की बेरुखी की छाया पड़ सकती है क्योंकि 'फाइव आई' समूह के देशों में ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा व अमेरिका हैं जिनके बीच गुप्तचर सूचनाएं साझा करने का समझौता है। इनमें से कनाडा, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया व ब्रिटेन के राजप्रमुख इंग्लैंड के सम्राट ही हैं। अमेरिकी राजदूत ने कनाडा के एक टेलीविजन न्यूज चौनल को दिये गये साक्षात्कार में स्पष्ट शब्दों में कहा कि 'हम पांचों देशों के बीच जो सूचनाएं साझा करने और इनके आधार पर सर्वेक्षण करने का समझौता है उसी में से यह खबर निकल कर आयी थी जिसे आधार बना कर श्री ट्रूडो ने अपना वक्तव्य भारत के बारे में दिया'। मगर कोहेन के वक्तव्य से पहले ही विगत शुक्रवार को अमेरिकी विदेश मन्त्री श्री अंटोनी ब्लिंकन ने कहा था कि उनका देश कनाडा के प्रधानमन्त्री श्री ट्रूडो द्वारा भारत पर लगाये गये आरोपों को लेकर बहुत ज्यादा चिन्तित है और इस बारे में कनाडा के साथ मिलकर जवाबदेही चाहता है। भारत भी अमेरिकी रुख को लेकर बहुत गंभीर लगता है और इस बारे में अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए सन्देह के बादलों को छांटना चाहता है , हालांकि नई दिल्ली से जारी बयानों में कनाडा के आरोपों को पहले ही बेबुनियाद बता दिया गया है। मगर विदेश मन्त्री श्री एस. जयशंकर आजकल राष्ट्रसंघ की साधारण सभा के अधिवेशन में भाग लेने न्यूयार्क गये हुए हैं और वहां वह अमेरिकी विदेशमन्त्री सहित दूसरे फाइव आई देशों के विदेश मन्त्रियों से भी भेंट करेंगे। 26 सितम्बर को वह राष्ट्रसंघ में भाषण देने के बाद अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन भी जायेंगे और वहां अमेरिकी प्रशासन के उच्चाधिकारियों व नेताओं से भी मुलाकात करके धुएं को छांटने का प्रयास करेंगे। मगर श्री कोहेन के ताजा तरीन बयान से यह अन्दाजा नई दिल्ली जरूर लगा सकती है कि अमेरिका का क्या खेल है और उसकी मंशा क्या है। भारत की पिछली 75 वर्षों की अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के दौरान उसकी विदेश नीति पर कभी भी किसी गैर मुल्क ने (केवल पाकिस्तान को छोड़ कर ) अंगुली उठाने की जुर्रत नहीं की है। यह पहला मौका है कि कनाडा जैसा मित्र देश कहा जाने वाला मुल्क इस प्रकार के बेहूदा और बे–बुनियाद आरोप लगा रहा है और अमेरिका भी परोक्ष रूप से उसी का पक्ष लेता दिख रहा है। श्री कोहेन ने कहा कि निज्जर की हत्या के मामले में गुप्तचर सूचनाओं को लेकर वाशिंगटन और ओटावा के बीच व्यापक आदान–प्रदान हुआ है और अमेरिका इन आरोपों को बहुत गंभीरता से ले रहा है। अगर ये सच साबित हुए तो यह उस अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था के लिए बहुत बड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं जिसके तहत हम सभी काम करते हैं। दूसरी तरफ श्री ट्रूडो यह भी कह रहे हैं कि उनकी सरकार ने निज्जर की हत्या से सम्बन्धित सूचनाएं भारत की सरकार से साझा की हैं अतः इस मामले की तह तक सकारात्मक रूप से जाना चाहिए। ट्रूडो इन सूचनाओं को भरोसेमन्द तक कह रहे हैं। इससे लगता है कि कनाडा का रुख अपने ही देश में पनप रहे खालिस्तानी अलगाववादियों के बारे में क्या है क्योंकि पिछले बहुत लम्बे अर्से से ये अलगवावादी तत्व कनाडा में खासे सक्रिय पाये हैं। इसके बावजूद कनाडा की सरकार ने ऐसे तत्वों के खिलाफ कभी कोई कार्रवाई नहीं की। इतना सब होने पर भी भारत ने कहा है कि वह सहयोग करने को तैयार है बशर्ते उसे कोई विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराई जाये। लेकिन अमेरिकी विदेशमन्त्री अंटोनी ब्लिंकन का यह कहना कि भारत निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा द्वारा की जा रही जांच में सहयोग करे, न्यायोचित नहीं लगता क्योंकि भारत कनाडा के आरोपों को आधारहीन, तथ्यहीन व बेबुनियाद मानता है। परन्तु अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवान ने भी लगे हाथ कह दिया है कि भारत को निज्जर की हत्या में अपने ऊपर लगे आरोपों की कनाडा द्वारा की जा रही जांच में सहयोग करना चाहिए।

## सब्सिडी वाला आवासीय कर्ज: 60 हजार करोड़ खर्च करेगा केंद्र, अगले कुछ महीनों में लागू हो सकती है योजना

**नई दिल्ली।** सरकार अगले पांच वर्षों में छोटे शहरी आवास के लिए सब्सिडी वाला कर्ज देने पर 60,000 करोड़ रुपये खर्च कर सकती है। इस साल के अंत में कई राज्यों और 2024 के मध्य में होने वाले आम चुनावों से पहले यह वर्तमान सरकार की एक बड़ी चुनावी योजना मानी जा रही है। माना जा रहा है कि अगले कुछ महीने में बैंक इस योजना को लागू कर सकते हैं। पिछले महीने सरकार ने चुनाव से पहले महंगाई पर लगाम लगाने के लिए घरेलू रसोई गैस की कीमतों में लगभग 18 फीसदी की भारी भरकम कटौती की थी।

इस योजना के तहत अगर आप 20 साल के लिए 50 लाख रुपये से कम कर्ज लेते हैं तो सालाना 3-6.5 फीसदी के हिसाब से अधिकतम 9 लाख रुपये तक की होम लोन राशि पर ब्याज सब्सिडी मिलेगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस योजना की घोषणा की थी। हालांकि, तब इसका विवरण नहीं बताया गया था। उन्होंने कहा था, हम आने वाले वर्षों में एक नई योजना लेकर आ रहे हैं। इससे उन परिवारों को फायदा होगा, जो शहरों में किराये के घरों, झुग्गी-झोपड़ियों, चॉल और अनधिकृत कॉलोनियों में रह रहे हैं। एक अधिकारी ने कहा, ब्याज छूट की रकम लाभार्थियों के आवासीय कर्ज खाते में अग्रिम जमा की जाएगी। 2028 तक प्रस्तावित योजना को जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी की जरूरत होगी। उन्होंने बताया, इस योजना से शहरी क्षेत्रों में कम आय वाले समूहों में 25 लाख लोन आवेदकों को लाभ मिल सकता है। दो बैंकों के अधिकारियों ने कहा, बैंकों को विशेष कर्ज का लक्ष्य नहीं दिया गया है, लेकिन जल्द ही सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक की संभावना है।

## 'पायलटों और अकासा एयर के बीच रोजगार समझौते में हस्तक्षेप नहीं करेंगे', डीजीसीए ने कही ये बात

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया है कि नियामक पायलटों और 'अकासा एयर' के बीच रोजगार समझौते में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। आकासा एयर ने नोटिस अवधि पूरी किए बिना इस्तीफा देने वाले पायलटों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। डीजीसीए ने कहा कि यह संबंधित पक्षों के हित में होगा कि याचिकाकर्ता कंपनी 'अकासा एयर' उड़ान संचालन को बनाए रखने के लिए आवश्यक संख्या में पायलट नहीं होने पर सीमित संचालन बनाए रखने संबंधी डीजीसीए के आदेश का अनुपालन करे। डीजीसीए ने नई विमानन कंपनी 'अकासा एयर' की एक याचिका के जवाब में अपनी लिखित दलीलें दायर कीं। अकासा एयर की याचिका में कहा गया है कि अनिवार्य नोटिस अवधि पूरी किए बिना अचानक 43 पायलटों के इस्तीफा देने से कंपनी संकट की स्थिति में है। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने 19 सितंबर को कंपनी की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था और पक्षों से अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा था। कंपनी और उसके सीईओ विनय दुबे ने 14 सितंबर को उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिसमें डीजीसीए को ÷गैर-जिम्मेदाराना कार्यों÷ के लिए इन पायलटों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। डीजीसीए ने अपने जवाब में स्पष्ट किया कि उसके पास हवाईअड्डा संचालकों, एयरलाइन संचालकों या किसी अन्य हितधारकों के संबंध में किसी भी रोजगार अनुबंध और निर्णयों में हस्तक्षेप करने की कोई शक्ति या अधिकार नहीं है। डीजीसीए ने अदालत से 'अकासा एयर' की याचिका को जुर्माना लगाकर खारिज करने का आग्रह किया और कहा, 'डीजीसीए एयरलाइन और पायलट के बीच रोजगार समझौते में हस्तक्षेप नहीं कर सकता, जिसमें पायलटों की बर्खास्तगी का मामला शामिल है...।

## यूनिटेक पर ईडी की तलवार, 125 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यूनिटेक इन्फोपार्क लिमिटेड की 125.06 करोड़ रुपये की जमीन अस्थायी रूप से कुर्क कर ली है। ईडी ने चेन्नई के नल्लामबक्कम में यूनिवर्ल्ड सिटी टाउनशिप का हिस्सा 4.79 एकड़ जमीन का 39.83 प्रतिशत हिस्सा अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। यूनिटेक समूह और इसके प्रवर्तकों के खिलाफ घर खरीदारों की शिकायतों के आधार पर दिल्ली पुलिस और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज कई प्राथमिकियों से धन शोधन का यह मामला सामने आया था। ईडी ने इस विषय में एक निचली अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि आवासीय परियोजना के लिए घर खरीदारों से एकत्र किए गए धन को उस उद्देश्य के लिए उपयोग नहीं किया गया और इस तरह उनके साथ धोखाधड़ी की गई तथा आरोपियों ने धनशोधन का अपराध किया है। प्रीति चंद्रा के खिलाफ यह आरोप है कि उन्हें अपराध की आय के रूप में अपनी कंपनी प्राकौसली इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड में 107 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, लेकिन धन के उपयोग का खुलासा नहीं किया गया।

# कच्चा तेल 93 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 93 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 90 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक मंगलवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।




अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.36 डॉलर यानी 0.39 फीसदी की गिरावट के साथ 92.93 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.29 डॉलर यानी 0.32 फीसदी की गिरावट के साथ 89.38 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# उड़द, तुअर दाल की भंडारण सीमा 31 दिसंबर तक बढ़ी, कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में 45फीसदी घटा निवेश

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बाजार में तुअर और उड़द दाल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए इसकी भंडारण सीमा को 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया है। यही नहीं, अब थोक और बड़े विक्रेताओं के लिए डिपो स्तर पर स्टॉक लिमिट 200 से घटाकर 50 मीट्रिक टन कर दी गई है। वहीं, खुदरा विक्रेताओं और खुदरा आउटलेट के लिए यह सीमा पांच मीट्रिक टन होगी। सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत मौजूदा स्टॉक लिमिट की समयसीमा को दो माह बढ़ा दिया है, जो पहले 30 अक्तूबर तक लागू थी। इसके अलावा मिल मालिकों के लिए स्टॉक सीमा उनके पिछले तीन महीने के उत्पादन या वार्षिक क्षमता का 25 फीसदी से कम रखी गई है। यह फैसला बाजार में दाल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने व जमाखोरी को रोकने के लिए किया गया है।
भारतीय कृषि प्रौद्योगिकी आधारित स्टार्टअप के निवेश में 2021-22 से 2022-23 के बीच यानी एक साल में 45 फीसदी की गिरावट आई है। इसकी मुख्य वजह वैश्विक ब्याज दरों में वृद्धि और बढ़ती अनिश्चितता के बीच निवेशकों का अधिक सावधान रहना माना जा रहा है। इस अवधि में वैश्विक कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में निवेश 10 फीसदी घटा है। परामर्श कंपनी एफएसजी के मुताबिक, भारतीय कृषि प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सौदों की संख्या में बढ़ोतरी के बावजूद निवेश में गिरावट देखने को मिली। क्षेत्र में 2021-22 में 121 सौदे हुए थे, जिनकी संख्या 2022-23 में बढ़कर 140 पहुंच गई। हालांकि, फंडिंग 2021-22 के 127.9 करोड़ डॉलर से घटकर 2022-23 में 70.6 करोड़ डॉलर रह गई। रिपोर्ट के मुताबिक, वेंचर कैपिटल फंडिंग के लिहाज से 2021-22 भारतीय कृषि प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए सफल वर्ष रहा। इसके बाद 2022-23 में वैश्विक फंडिंग में कमी से क्षेत्र के निवेश में गिरावट आई।

**2024-25 में फंडिंग बढ़ने की उम्मीद**

रिपोर्ट के मुताबिक, 2023-24 में भी निवेश में गिरावट का अनुमान है। लेकिन, 2024-25 में इसके बढ़ने की संभावना है। उम्मीद है कि स्टार्टअप अगले वित्त वर्ष से निपटने के लिए लाभ बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे। त्योहारी सीजन में ग्राहक ऑनलाइन खरीदी करने के लिए उत्साहित हैं।

# रिजर्व बैंक ने स्टेट बैंक सहित तीन बैंकों पर 3.92 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सार्वजनिक क्षेत्र के तीन बैंकों पर 3.92 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने दिशा-निर्देशों से जुड़े प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने को लेकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), इंडियन बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक पर यह जुर्माना लगाया। आरबीआई ने एक जारी बयान में बताया कि एसबीआई पर 1.3 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एसबीआई पर यह मौद्रिक दंड 'ऋण और अग्रिम-वैधानिक एवं अन्य प्रतिबंध' और समूह के भीतर लेन-देन तथा कर्ज के प्रबंधन पर जारी निर्देशों के कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने को




लेकर लगाया गया है। रिजर्व बैंक के मुताबिक इंडियन बैंक पर 1.62 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बैंक पर 'ऋण और अग्रिमङ्कवैधानिक और अन्य प्रतिबंध', केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) और भारतीय रिजर्व बैंक (जमा पर ब्याज दर) निर्देश, 2016 के कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने को लेकर यह मौद्रिक दंड लगाया गया है। इसी तरह रिजर्व बैंक ने पंजाब एंड सिंध बैंक पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष योजना के कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने को लेकर लगाया गया है। इसके अलावा आरबीआई ने फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड पर भी 8.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह मौद्रिक दंड गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में धोखाधड़ी रोकने से जुड़े कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने को लेकर लगाया गया है।


## अक्तूबर में भी स्थिर रह सकता है रेपो रेट! एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली:** भारत के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मौद्रिक नीति समिति की बैठक अक्तूबर के पहले सप्ताह में होगी। एसबीआई की एक रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अक्तूबर में होने वाली बैठक में भी रिजर्व बैंक रेपो रेट को स्थिर रख सकता है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक 4-6 अक्तूबर को होनी प्रस्तावित है। रिजर्व बैंक आमतौर पर एक वित्तीय वर्ष में छह द्विमासिक बैठकें करता है। इन बैठकों में ही रिजर्व बैंक ब्याज दर, धन के प्रवाह, महंगाई और विभिन्न आर्थिक संकेतकों पर फैसले करता है।

एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू स्तर पर हम उम्मीद कर रहे हैं कि रेपो रेट 6.50 प्रतिशत पर स्थिर रह सकती है और यहां इसके लंबे समय तक स्थिर रहने की उम्मीद है क्योंकि महंगाई पहले के मुकाबले कम हो रही है। यह रिसर्च रिपोर्ट एसबीआई के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने तैयार की है। इस रिपोर्ट में सौम्य कांति घोष ने कहा है कि हमारा मानना है कि रिजर्व बैंक अभी यथास्थिति को बरकरार रखेगा क्योंकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में महंगाई दर 5 प्रतिशत से कम रह सकती है। रिपोर्ट में विकास दर के भी मजबूत रहने की उम्मीद जताई गई है। साथ ही तेल की कीमतों के भी स्थिर होने की उम्मीद की गई है। बता दें कि रिजर्व बैंक की अप्रैल, जून और अगस्त में हुई बैठकों में भी रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किए गए और यह 6.5 प्रतिशत पर बनी रही।

# आरबीआई शहरी सहकारी बैंकों में एनपीए को लेकर सहज नहीं : शक्तिकांत दास

**मुंबई/नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गनर्वर शक्तिकांत दास ने कहा कि आरबीआई शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) में कुल 8.7 फीसदी गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) अनुपात को लेकर आरबीआई 'सहज नहीं' है। मुंबई में आरबीआई की ओर से आयोजित शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) के निदेशकों की बैठक को संबोधित करते हुए शक्तिकांत दास ने कहा कि बड़े वाणिज्यिक बैंकों के निदेशक मंडल (बोर्ड) में एक या दो सदस्यों का 'अत्यधिक दबदबा' रहता है। दास ने कहा कि बोर्ड में चर्चा स्वतंत्र, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक होनी चाहिए। बोर्ड के एक या दो सदस्यों, चेयरमैन या वाइस-चैयरमैन का अत्यधिक प्रभाव या दबदबा नहीं होना चाहिए। शक्तिकांत दास ने कहा कि हमने ऐसा बड़े वाणिज्यिक बैंकों में भी



देखा है, जहां भी हमने ऐसा देखा, हमने बैंक से कहा कि यह सही तरीका नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी निदेशकों को बोलने का मौका दिया जाना चाहिए और किसी मामले पर किसी विशेष निदेशक की बात अंतिम नहीं होनी चाहिए।गिरावट के साथ 89.38 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# मीशो ने आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए लिया फैसला, पांच लाख से अधिक लोगों को मिलेगी नौकरी

**नई दिल्ली।**नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। ई-कॉमर्स फर्म मीशो ने आगामी त्योहारी सीजन के दौरान बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पांच लाख से अधिक लोगों को नौकरी देने का एलान किया है। बता दें, यह पिछले साल मीशो द्वारा रोजगार देने की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है।

मीशो का लक्ष्य ईकॉम एक्सप्रेस, डीटीडीसी, इलास्टिक रन, लोडशेयर, डेल्हीवेरी, शैडोफैक्स और एक्सप्रेसबीज जैसे थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से लगभग दो लाख नौकरी के अवसरों को सक्षम करना है। इनमें से 60 प्रतिशत से अधिक अवसर टियर-III और टियर-IV क्षेत्रों से होंगे। इन भूमिकाओं में मुख्य रूप से डिलीवरी-पिकिंग, सॉर्टिंग, लोडिंग, अनलोडिंग और रिटर्न जैसे कार्यों के लिए जिम्मेदार प्रथम-मील और डिलीवरी सहयोगी शामिल होंगे।

फुलफिलमेंट एंड एक्सपीरियंस के मुख्य अनुभव



अधिकारी सौरभ पांडे ने कहा, 'हम इस त्योहारी सीजन के दौरान मांग में पर्याप्त तेजी की उम्मीद कर रहे हैं। इन अवसरों का निर्माण त्योहारी मौसम के दौरान समग्र ग्राहक अनुभव को बढ़ाने और अनगिनत छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने पर केंद्रित है।'

इसके अलावा, मीशो विक्रेताओं को त्योहारी सीजन के लिए अपनी आवश्यकताओं के हिस्से के रूप में तीन लाख से अधिक कर्मचारियों को नियुक्त करने का अनुमान है। ये मौसमी कर्मचारी ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए विनिर्माण, पैकेजिंग और छंटाई सहित विभिन्न क्षमताओं में मीशो के विक्रेताओं की सहायता करेंगे।

वहीं, मीशो के 80 प्रतिशत से अधिक विक्रेताओं का नए उत्पादों को पेश करने, फैशन एक्सेसरीज और त्योहारी सजावट जैसी नई श्रेणियों में उद्यम करने का इरादा है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे बढ़ी हुई मांग के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं इसके लिए मीशो के 30 प्रतिशत से अधिक विक्रेता अपनी इन्वेंट्री के लिए अतिरिक्त भंडारण स्थान किराए पर लेने में निवेश कर रहे हैं।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में भारी गिरावट, बिटकॉइन 2 प्रतिशत से ज्यादा लुढ़का

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में जबरदस्त दबाव का माहौल बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल सभी क्रिप्टो करेंसीज आज गिरावट के साथ कारोबार करती नजर आ रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत में आज 2 प्रतिशत से भी अधिक की गिरावट आ गई है। इसके साथ ही क्रिप्टो मार्केट में बिटकॉइन की हिस्सेदारी भी घट गई है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 2.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,053.94 डॉलर यानी 21.66 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी आज 1.51 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 1,570.71 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.04 प्रतिशत, बीएनबी 1.01 प्रतिशत, एक्सआरपी 3.30 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, डोजेकॉइन 1.42 प्रतिशत, कार्डानो 0.69 प्रतिशत, सोलाना 0.59 प्रतिशत और टॉन कॉइन 1.98 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। आज टॉप 10 में शामिल कोई भी



क्रिप्टो करेंसी ग्रीन जोन में कारोबार नहीं कर रही है। पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.47 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 1.04 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 86.45 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी कमी दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 2,344 करोड़ डॉलर यानी 1.94 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 62.98 प्रतिशत कम है। पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की स्थिति भी 0.28 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इस आभासी मुद्रा की मार्केट हिस्सेदारी घट कर 48.90 प्रतिशत हो गई है।

# पूरे दिन उतार-चढ़ाव के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** दिनभर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार सोमवार को सपाट स्तर पर मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। इसी के साथ बाजार में पिछले सप्ताह के चारों कारोबारी दिनों से जारी गिरावट के सिलसिले पर ब्रेक लग गया। निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 22 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज के कारोबार की शुरुआत भी सपाट स्तर पर हुई थी। दिनभर बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान की स्थिति बनी रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत और निफ्टी 0.002 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रियल्टी और बैंकिंग सेक्टर के



शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। दूसरी तरफ, कैपिटल गुड्स, टेक और आईटी सेक्टर के शेयरों में गिरावट का रुख बना रहा। आज के कारोबार में रियल्टी इंडेक्स 1.50 प्रतिशत और बैंक इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, आईटी इंडेक्स 0.70 प्रतिशत और कैपिटल गुड्स इंडेक्स 0.30 प्रतिशत गिर गए। दिग्गज शेयरों में दबाव के बावजूद ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारी होती रही, जिसकी वजह से बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉल कैप इंडेक्स ने 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज ब्रॉडर मार्केट में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 22 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 317.99 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 317.77 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 22 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,645 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,878 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,895 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 172 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,062 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 963 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,099 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 26 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 73.84 अंक की मजबूती के साथ 66,082.99 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के साथ ही शेयर बाजार में खरीदारों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 216.48 अंक की मजबूती के साथ 66,225.63 अंक तक पहुंचा। बिकवाली का दबाव बनने पर ये 245.12 अंक का गोता लगा कर 65,764.03 अंक तक लुढ़क भी गया। पूरे दिन की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 14.54 अंक की मामूली बढ़त के साथ 66,023.69 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 3.95 अंक की मामूली तेजी के साथ 19,678.20 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरुआत की। बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच जारी खींचतान की वजह से इस सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। लिवाली के सपोर्ट से इस सूचकांक ने 59.90 अंक की तेजी के साथ 19,734.15 अंक के स्तर तक छलांग लगाई।

## जीटीआरआई रिपोर्ट : 2030 तक 1.2 लाख करोड़ डॉलर बढ़ेगा विदेश व्यापार, निर्यात बढ़ाने के लिए छह सिफारिशें

**नई दिल्ली।** बंदरगाह एवं सीमा शुल्क परिचालन को सुव्यवस्थित करने और राष्ट्रीय व्यापार नेटवर्क की स्थापना जैसे उपायों से भारतीय कंपनियों को वैश्विक मूल्य शृंखला (जीवीसी) से जुड़ने में मदद मिलेगी। इसकी मदद से भारत 2030 तक विदेश व्यापार में 1.2 लाख करोड़ डॉलर की वृद्धि कर सकता है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने एक रिपोर्ट में कहा, इस समय विभिन्न जीवीसी प्रासंगिक उत्पाद श्रेणियों में पर्याप्त विनिर्माण क्षमता होने के बावजूद वैश्विक मूल्य शृंखला में भारत की सीमित भागीदारी से देश की निर्यात क्षमता बाधित होती है। इसलिए, जीवीसी में भारतीय कंपनियों का एकीकरण जरूरी है, क्योंकि 70 फीसदी वैश्विक कारोबार इन शृंखलाओं के भीतर संचालित होता है। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी से लेकर दवा और परिधान तक उत्पादों की विस्तृत शृंखला है।

जीटीआरआई के सह संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, भारत के कमजोर जीवीसी एकीकरण के लिए खराब कारोबारी बुनियादी ढांचा जिम्मेदार है। इससे बंदरगाहों और सीमा शुल्क को लेकर देरी होती है। जीटीआरआई ने अपनी रिपोर्ट में सरकार के लिए 6 कार्य बिंदुओं की सिफारिश की है।बंदरगाह और सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को स्वचालित करना। 99 फीसदी निर्यात के लिए ग्रीन चैनल को मंजूरी देना। भारत के निर्यात में 85 फीसदी योगदान देने वाले शीर्ष-10,000 निर्यातकों का विश्लेषण करना। जहाज को खाली करने में लगने वाले समय के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करना।

## सुब्रतो कप : झारखंड और हरियाणा के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**नई दिल्ली।** 62वें सुब्रतो कप जूनियर गर्ल्स इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल गत चैंपियन झारखंड और पूर्व चैंपियन हरियाणा के बीच खेला जाएगा। डॉ. बीआर अम्बेडकर स्टेडियम में शाम 4 बजे खेले जाने वाले फाइनल का सीधा प्रसारण डीडी स्पोटर्स चैनल पर किया जाएगा। फाइनल में एयर मार्शल ऐपी सिंह पीवीएसएम, एवीएसएम, वायु सेना के उप प्रमुख मुख्य अतिथि होंगे। लाइव स्ट्रीमिंग स्पोर्ट्स-कास्ट इंडिया यूट्यूब चैनल पर होगी। गत चैंपियन सेंट पैट्रिक गुमला, झारखंड ने दूसरे सेमीफाइनल में होम मिशन स्कूल, आइजोल, मिजोरम को 2-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। बिनीता होरो और अल्फा कंडुलना ने गोल किया। पहले सेमीफाइनल में जीएसएसएस अलखपुरा, भिवानी, हरियाणा ने स्कूल ऑफ साइंस, थौबल, मणिपुर को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

## तलवारबाजी : शानदार शुरूआत के बाद क्वार्टर फाइनल में हारी भवानी देवी

**हांगझोउ ।** भारत की स्टार तलवारबाज भवानी देवी ने एशियाई खेलों में महिलाओं की साबरे स्पर्धा में शानदार शुरूआत की लेकिन क्वार्टर फाइनल में चीन की याकी शाओ से 7-15 से हार गई। एशियाई खेलों में पहले पदक से एक जीत दूर रही ओलंपियन भवानी देवी ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में अच्छी शुरूआत की। उनकी चीनी प्रतिद्वंद्वी ने हालांकि तीन के मुकाबले सात टच के जरिए 8-3 की बढ़त बना ली। दूसरे चरण में भवानी ने चार बार और उसे छुआ लेकिन वह नाकाफी था।

नॉकआउट और में 15 टच तक पहले पहुंचने वाला विजयी होता है और शाओ ने दूसरे चरण में आसानी से इस आंकड़े को छुआ। तलवारबाजी में सेमीफाइनल में पहुंचने पर कांस्य पक्का हो जाता है लेकिन भवानी देवी की किस्मत खराब थी कि उनका सामना क्वार्टर फाइनल में ही 2018 एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता से हो गया। इससे पहले वह अपने पूल में शीर्ष पर रहकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। भवानी देवी ने अपने पांचों प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर पूल में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने पहले सिंगापुर की जूलियट जी मिन हेंग को 5-2 से हराया। उसके बाद सउदी अरब की अलहस्सा अलअम्माद को 5-1 से मात दी। एशियाई चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता भवानी ने कारिना डोसपे को 5-3 से हराने के बाद उजबेकिस्तान की जेनब दायिबेकोवा और बांग्लादेश की रूकसाना खातून को 5-1 के अंतर से हराया। भवानी ने प्री क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की टी फोकाउ को 15-9 से हराया था। भारत अब एपी महिला और पुरूष फॉइल टीम वर्ग में खेलेगा।

## बाथरूम में टेनिस स्टार Beatriz Haddad Maia के साथ हुआ हादसा, 2 ऊंगलियों पर लगा कट

**ब्राजीलिया।** ब्राजीलियाई टेनिस स्टार बीट्रिज हद्दाद मैया को बाथरूम में शॉवर लेते वक्त एक अजीब दुर्घटना का शिकार होना पड़ा जिसकी वजह से उन्होंने ग्वाडलाजारा ओपन से नाम वापस ले लिया है। बीट्रिज को टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 64 में डेनिएल कोलिन्स के खिलाफ खेलना था लेकिन इससे पहले वह हादसे का शिकार हो गई। हादसा तब हुआ जब टेनिस स्टार अपने बाथरूम में थी। वह शॉवर से बाहर निकल रही थी, तभी शॉवर बॉक्स टूटकर ग्लास पर गिर गया। इससे कांच के टुकड़े बीट्रिज के हाथों पर लग गए। सौभाग्य से वह ठीक है, लेकिन 27 वर्षीया ने माना कि हादसा और भी बुरा हो सकता था।

बीट्रिज ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा- पिछ्ली रात रविवार को होटल में शॉवर से बाहर निकलते समय और शॉवर बॉक्स खोलते ही दरवाज़ा खुल गया और मेरे शरीर के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचा दिया। मुझे टांके लगवाने के लिए ग्वाडलाजारा के अस्पताल ले जाना पड़ा। बीट्रिज ने लिखा- दुर्भाग्य से मैं मेक्सिको में नहीं खेल पाऊंगी। डर के अलावा मैं ठीक हूं, यह कुछ अधिक गंभीर हो सकता है। मुझे घावों को ठीक करने और वर्ष के अंत में वापसी करने के लिए कुछ दिनों की आवश्यकता होगी। मैं सभी के स्नेह और अच्छे भावों की सराहना करती हूं।

टेनिस सितारा के फैंस ने उनका हौसला भी बढ़ाया। एक प्रशंसक ने लिखा- आशा है कि आप शीघ्र स्वस्थ होंगे ! जबकि एक अन्य ने लिखा- वाह, क्या डर है, लेकिन खुशी है कि यह गंभीर नहीं था। आप निश्चित रूप से पूरी ताकत के साथ वापस आएंगी।

# एशियाई खेल टेनिस : अंकिता रैना महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में

**हांगझू।** भारतीय स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने मंगलवार को एशियाई खेलों में महिला एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अंकिता ने प्री क्वार्टरफाइनल में हांगकांग की आदित्य पी करुणारत्ने को 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले रैना ने अपने दूसरे दौर के मैच में उज्बेकिस्तान की 17 वर्षीय सबरीना ओलिमजोनोवा को 6-0, 6-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। यह मुकाबला सिर्फ 51 मिनट तक चला था।

अंकिता रैना एशियाई खेलों के मिश्रित युगल में भी हिस्सा ले रही हैं। मिश्रित युगल में उन्होंने यूकी भांबरी के साथ जोड़ी बनाई है और दोनों खिलाड़ी आज पाकिस्तान के खिलाफ अपना मैच खेलेंगे।



# एशियाई खेल स्क्वैश : भारतीय महिला टीम ने पाकिस्तान को 3-0 से हराया

**गझू।** भारतीय स्क्वैश महिला टीम ने एशियाई खेलों के पूल बी के अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 3-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इस मुकाबले के पहले मैच में भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह का सामना पाकिस्तान की सादिया गुल से हुआ। अनाहत ने इस मैच में सादिया को 3-0 (11-5,11-6,11-3) से हराकर भारत को 1-0 से आगे कर दिया।

दूसरे मैच में जोशना चिनप्पा का सामना सादिक नूर अल हुदा से हुआ, जोशना ने यह मैच आसानी से 3-0 (11-2,11-5.11-7) से जीतकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। तीसरे मैच में तानवी खन्ना ने एजाज नूर अल एन को 3-0 (11-3,11-6,11-2) से ही हराकर भारत को 3-0 से जीत दिला दी।



# संशोधित-एशियाई खेल : भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने सिंगापुर को 16-1 से दी करारी शिकस्त

**हांगझू।** हांगझू, 26 सितंबर (हि.स.)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को हांगझू में 19वें एशियाई खेलों में अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए अपने दूसरे मैच में सिंगापुर को 16-1 से करारी शिकस्त दी। इससे पहले भारतीय टीम ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए रविवार को शुरुआती मैच में उज्बेकिस्तान को 16-0 से हराया था। सिंगापुर के खिलाफ मैच में भारत की तरफ से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने चार और मनदीप सिंह ने तीन गोल किया, जबकि वरुण और अभिषेक ने दो-दो गोल किये। इनके अलावा ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह, अमित रोहिदास, शमशेर सिंह और सुमित ने 1-1 गोल किया, जबकि सिंगापुर की तरफ से एकमात्र गोल मुहम्मद ने किया।



इस मैच के 12वें मिनट में मनदीप सिंह ने भारत को बढ़त दिला दी। गुरजंत ने डी में मनदीप को एक सटीक पास दिया और उन्होंने इसे गोल में बदलकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। मैच के 15वें मिनट में ललित उपाध्याय ने गोल कर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। सुखजीत के पास पर ललित ने दाएं कोने से बेहतरीन गोल किया। मैच का तीसरा गोल 21वें मिनट में आया, जब गुरजंत सिंह ने मनदीप के बेहतरीन पास पर गोल कर भारत की बढ़त 3-0 कर दी। अगले ही मिनट में सुमित ने गोल कर भारत की बढ़त 4-0 कर दी।मैच के 23वें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने इसे गोल में बदलकर भारत की बढ़त 5-0 कर दी। मध्यांतर से ठीक पहले भारत को एक और पेनल्टीकॉर्नर मिला और इस बार अमित रोहिदास ने गोल कर भारत की बढ़त 6-0 कर दी। मध्यांतर तक भारतीय टीम 6-0 से आगे रही। मध्यांतर के बाद भी भारतीय टीम आक्रामक रही। मैच के 37वें मिनट में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार मनदीप सिंह ने गोल कर भारत की बढत 7-0 कर दी। अगले ही मिनट में शमशेर सिंह ने एक और गोल कर भारत की बढ़त 8-0 कर दी। 40वें मिनट में भारतीय टीम को एक और पेनल्टी मिली और हरमनप्रीत ने मैच का अपना दूसरा गोल करते हुए भारत के लिए नौवां गोल किया। हरमनप्रीत यहीं नहीं रुके, इस गोल के तुरंत बाद उन्होंने अपनी हैट्रिक पूरी करते हुए भारत को 10-0 से आगे कर दिया।

## पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने किया ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन, लगा जुर्माना

**लाहौर।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पर ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होने और लेन उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के कप्तान पर 17 सितंबर को लाहौर के गुलबर्ग में 2,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया था। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि बाबर को पहले लेन उल्लंघन के लिए रोका गया था, लेकिन जब उससे पूछताछ की गई तो पता चला कि वह बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे।

राष्ट्रीय टीम के कप्तान अगले महीने भारत में होने वाले क्रिकेट विश्व कप में पाकिस्तान टीम का नेतृत्व करने की तैयारी कर रहे हैं। भारत सरकार द्वारा वीजा जारी करने में देरी के कारण टीम को अनिश्चित स्थिति का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता समाप्त हो गई क्योंकि भारत ने आखिरकार पाकिस्तान टीम को वीजा जारी कर दिया। आईसीसी की यह पुष्टि वीजा जारी करने की प्रक्रिया में देरी की शिकायतों के बाद आई है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शासी निकाय को पत्र लिखकर वीजा में देरी की शिकायत की थी, जिसमें कहा गया था कि इससे सीमा पार शोपीस इवेंट के लिए टीम की तैयारी बाधित हुई थी। आईसीसी के एक प्रवक्ता ने बिना अधिक जानकारी दिए रॉयटर्स को बताया, 'पाकिस्तानी टीम को वीजा जारी कर दिया गया है।' पीसीबी के प्रवक्ता उमर फारूक ने रॉयटर्स से पुष्टि की कि उन्हें इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से अपने पासपोर्ट लेने के लिए कहा गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच खराब राजनीतिक संबंधों के कारण द्विपक्षीय क्रिकेट को निलंबित कर दिया है और केवल विश्व कप और एशिया कप जैसे बहु-टीम आयोजनों में एक-दूसरे के साथ खेलते हैं।



## जिस तरह से वह शुरुआत को बड़े स्कोर में बदल रहा है वह शानदार है : श्रेयस अय्यर

**नई दिल्ली।** दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की अविश्वसनीय 99 रन की जीत के बाद श्रेयस अय्यर ने खुलकर बात की और हाल के दिनों में 50 ओवर के प्रारूप में अविश्वसनीय प्रदर्शन के लिए शुबमन गिल की सराहना की। सलामी बल्लेबाज ने इंदौर में दूसरे वनडे में कंगारुओं के खिलाफ एक बार फिर जोरदार शतक लगाया और श्रेयस के साथ 200 रन की साझेदारी करके भारत को 399 रन बनाने में मदद की। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी एक वीडियो में गिल ने अय्यर की भी प्रशंसा की और कहा कि मुंबई में जन्मे क्रिकेटर ने क्रीज पर आने के बाद गति बदल दी।

गिल ने मैच के बाद कहा, 'जिस तरह से वह आए और कार्यभार संभाला उसने हमारे लिए गति बदल दी।' श्रेयस ने जवाब देते हुए कहा कि गिल विपरीत छोर से मंत्रमुग्ध लग रहे थे। सलामी बल्लेबाज ने 97 गेंदों पर 104 रन बनाए और इसके साथ ही इस कैलेंडर वर्ष में उनके नाम अब 1230 रन हो गए हैं। उन्होंने यह भी प्रार्थना की कि गिल इसी गति को जारी रखें और राष्ट्रीय टीम के लिए मैच जीतते रहें। अय्यर ने कहा, 'वह पूरे समय सनसनीखेज रहा है। जिस तरह से वह शुरुआत को बड़े स्कोर में बदल रहा है वह वाकई शानदार है। विपरीत छोर से उसे स्ट्रोक्स खेलते देखना मंत्रमुग्ध कर देने वाला था। मुझे उम्मीद है कि वह इस यात्रा को जारी रखेंगे और भारत के लिए मैच जीतते रहेंगे। इस बीच अय्यर को उनके अविश्वसनीय शतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। ऑस्ट्रेलिया की बात करें तो उन्होंने मैथ्यू शॉर्ट और स्टीवन स्मिथ के रूप में दो विकेट जल्दी खो दिए। डेविड वार्नर ने बाद में कुछ गति लाने की कोशिश की और अर्धशतक लगाया, लेकिन रविचंद्रन अश्विन ने उनका विकेट ले लिया। उन्होंने रवींद्र जड़ेजा के साथ मिलकर तीन-तीन विकेट लिए।



# ऑस्ट्रेलिया के लिए गेंदबाजी बनी सिरदर्द, पिछले 5 मैचों में 4 बार बन चुका 300+ स्कोर

**इंदौर।** 5 अक्टूबर को शुरू होने से क्रिकेट विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का लचर प्रदर्शन टीम प्रबंधन के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। हाल में संपन्न दक्षिण अफ्रीका सीरीज और भारत के खिलाफ पिछले 2 मैचों में आस्ट्रेलिया गेंदबाजों का प्रदर्शन औसत रहा है। रविवार को इंदौर में भारतीय बल्लेबाजों ने उनकी जमकर पिटाई की और ऑस्ट्रेलिया को लगातार 5वीं बार वनडे में हार का सामना करना पड़ा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 5 विकेट पर 399 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने लगातार वनडे मैचों में 416, 338 और 315 के स्कोर बनाए थे। इन 4 मैचों में से तीन में खेले शॉन ऐबट ने भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में 10 ओवर में 91 रन खर्च किए थे। ऐबट ने कहा कि हमने एग्जिक्यूशन में लगातार गलतियां की हैं। यह कहना आसान है कि हम ऐसी हार से सीखेंगे और खुद को बेहतर बनाएंगे, लेकिन हमें एग्जिक्युट बेहतर करना ही होगा। हमने साउथ अफ्रीका में और आज भी, जब भी चूक की, तब हमें बड़ी मार पड़ी। ऑस्ट्रेलिया के बचाव में कहा जा सकता है कि इन मैचों में एक बार भी उनकी पहली पसंद के गेंदबाज साथ नहीं खेले हैं। हालांकि विश्व कप से पहले केवल एक और वनडे और 2 और अभ्यास मैचों से पहले, और वह भी चेन्नई में मेजबान भारत के विरुद्ध मैच से पहले एक चिंता का विषय है। ऑस्ट्रेलिया के प्रबंधन ने विश्व कप से पहले थकान से अपने खिलाड़ियों को बचाने की बात की है, लेकिन एक दूसरा पहलू है कि शायद कुछ खिलाड़ी तैयार भी ना हों। ग्रॉइन इंजरी से परेशान मिचेल स्टार्क पिछ्ले 7 वनडे नहीं खेल पाए हैं लेकिन बुधवार को आखिरी मैच में वह खेलने की उम्मीद रख रहें हैं। चोटों और पितृत्व अवकाश के चलते ग्लेन मैक्सवेल और ऐश्टन एगार भी अनुपलब्ध रहें है और फिलहाल दोनों के फिटनेस को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। इंदौर में पैट कमिंस और मिचेल मार्श दोनों को आराम दिया गया था। कमिंस हाल ही में कलाई के चोट से लौटे थे और सीरीज से पहले तीनों मैच खेलने की उम्मीद जता रहे थे। मार्श ने पिछ्ले छ्ह लगातार मैच खेले थे लेकिन एक में भी गेंदबाजी नहीं की थी। विश्व कप स्क्वॉड में दो बैक-अप तेज गेंदबाज, स्पेंसर जॉनसन और नेथन एलिस के फिटनेस को लेकर भी चिंताएं बनी हैं। हैमस्ट्रिंग में तकलीफ के चलते जॉनसन इंदौर में वनडे डेब्यू पर केवल 8 ओवर कर पाए थे। हालांकि 315 या उससे अधिक रन लुटाए गए मैचों में से अधिकतर मैचों में जॉश हेजलवुड और ऐडम जैम्पा खेले हैं। हेजलवुड ने इंदौर में सम्मानजनक गेंदबाजी की लेकिन साउथ अफ्रीका में 2 बार अपने करियर के सबसे महंगे स्पेल डाले। जैम्पा ने इन मैचों में 8.33 प्रति ओवर की इकॉनमी से गेंदबाजी की और सेंचूरियन में रिकॉर्ड 0/113 का फिगर अपने नाम किया। इनके अलावा ऐबट, कैमरन ग्रीन और मार्कस स्टॉयनिस सब विश्व कप स्क्वॉड का हिस्सा रहे हैं।



## 'वह समय की बर्बादी कर रहे हैं', आसिफ ने विश्व कप से पहले बाबर आजम एंड कंपनी पर साधा निशाना

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आसिफ ने हाल ही में आगामी आईसीसी विश्व कप 2023 के लिए चुनी गई टीम का आकलन करते हुए राष्ट्रीय पुरुष क्रिकेट टीम और उसके कप्तान बाबर आजम के बारे में कुछ चौंकाने वाली टिप्पणी की है। आसिफ ने बाबर आजम की बल्लेबाजी क्षमता की खुलेआम आलोचना की है और इसे चिंता का विषय बताया है। इसके अलावा उन्होंने सलमान आगा के प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की है और इसे अनुत्पादक और मूल्यवान समय की बर्बादी बताया है।

उन्होंने कहा, 'मैं आज भी टी20 क्रिकेट में बाबर आजम को मेडेन ओवर फेंक सकता हूं, अगर आप उन्हें अच्छी गेंद फेंकोगे तो वह गेंद को हिट नहीं कर सकते।' आसिफ ने ट्विटर पर कहा, अभी हमारे पास बाबर आजम को कप्तान बनाने के लिए कोई विकल्प नहीं है। शाहिद अफरीदी को कप्तान बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह आसान नहीं है।' उन्होंने कहा, 'मैंने बाबर आज़म को ट्रायल में केवल दो गेंदों का सामना करने के बाद चुना था, आप उनके पिता से पूछ सकते हैं कि मैंने बाबर को 'अक्रम' ट्रायल में चुना था। मैं उन्हें उच्च रेटिंग देता हूं, वह देश के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं लेकिन वह पावरप्ले में डॉट्स गेंदें खेलते हैं और रिज़वान पर दबाव डालते हैं। उन्होंने पाकिस्तान के मौजूदा गेंदबाजी आक्रमण के लिए औसत रेटिंग भी प्रदान की जिसका नेतृत्व हसन अली, शादाब खान, मोहम्मद वसीम और सलमान आगा के साथ शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी टीम में सभी औसत गेंदबाज हैं, कोई भी विशेष नहीं है। मैं आगा सलमान को खिलाड़ी नहीं मानता, वह समय की बर्बादी करता है। वह जितने रन बनाता है, मैं भी उतने रन बना सकता हूं। वह तभी रन बनाता है जब पाकिस्तान एक टीम के रूप में पहले ही काफी रन बना चुका होता है।

उन्होंने कहा, हसन अली लॉबी का हिस्सा हैं, वह बाबर आजम और अन्य खिलाड़ियों के साथ खाना खाते हैं। वह टीम में हैं क्योंकि वह लॉबी का हिस्सा हैं, जब हम भी खेलते थे तो ऐसा ही होता था। एक लॉबी बाहर के खिलाड़ी का चयन नहीं करती है।



## हम इंग्लैंड को हरा सकते हैं, अंतिम वनडे मैच से पहले बोले आयरलैंड के बल्लेबाज हैरी टेक्टर

**इंदौर।** हैरी टेक्टर का मानना है कि अगर आयरलैंड के पुरुष कल अपनी तीन दिवसीय एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (वनडे) श्रृंखला के अंतिम मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल सकें तो वे इंग्लैंड को हरा सकते हैं और श्रृंखला बराबर कर सकते हैं। 23 वर्षीय टेक्टर हाल ही में जारी आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर हैं। शनिवार को हेडिंग्ले में दूसरे वनडे में वह 39 रन बनाकर विल जैक्स के बेहतरीन कैच का शिकार बने। हैरी कल ब्रिस्टल के सीट यूनिक स्टेडियम में अपना 40वां वनडे मैच खेलेंगे। शनिवार के खेल को देखते हुए हैरी का कहना है कि आयरलैंड को बेहतर बल्लेबाजी करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'यह एक अजीब खेल था। स्कोरलाइन ने शायद इसे पहले की तुलना में अधिक करीब बना दिया था, लेकिन आप जानते हैं कि क्रेग यंग, जोश (लिटिल) और बैरी (मैक्कार्थी) ने निचले क्रम में इतनी अच्छी बल्लेबाजी की, जो वास्तव में हमारे लिए उत्साहजनक था, लेकिन अंततः हम ऐसा करते। बेहतर बल्लेबाजी करना और लंबे समय तक खेल में बने रहना पसंद है और आप जानते हैं, उम्मीद है कि हम कल उन गलतियों को सुधार सकेंगे। मैं निश्चित रूप से सोचता हूं कि अगर हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलें, तो हम कल इंग्लैंड को हरा सकते हैं और निश्चित रूप से हमारा ध्यान इसी पर है।' शनिवार को अपने विकेट गंवाने पर हैरी ने कहा, 'सच कहूं तो, यह एक शानदार कैच था। मैं उस पर छक्का मारने की कोशिश कर रहा था और वह बल्ले के किनारे से लगकर हवा में थोड़ा ऊपर चली गई और अंत में यह एक अच्छा कैच था। अंदर जाना और फिर आउट होना निराशाजनक है, लेकिन यही क्रिकेट की प्रकृति है। आप कभी-कभी खराब शॉट खेलेंगे या शॉट लगाने से चूक जाएंगे, लेकिन उम्मीद है कि आप इससे सीखेंगे और फिर से प्रयास करेंगे।'हैरी का दिन का औसत 50.06 है। खेल के इतिहास में केवल 13 खिलाड़ियों को बेहतर वनडे औसत मिला है। वह उन आंकड़ों को कैसे देखते हैं और वह अपनी वनडे सफलता को किस आधार पर देखते हैं।



# आलिया भट्ट की फिल्म 'जिगरा' का टीजर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म 'जिगरा' का टीजर रिलीज हो गया है। करण जोहर के प्रोडक्शल हाउस धर्मा प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया पर अपनी आने वाली फिल्म 'जिगरा' का टीजर रिलीज किया है,जिसमें आलिया की झलक देखने को मिल रही है। ट्वीट में लिखा है, आलिया जिगरा के लिए एक साहसी लड़ाई लड़ने के लिए वापस मैदान में आ गई हैं। फिल्म जिगरा का निर्देशन वासन बाला कर रहे हैं।आलिया इस फिल्म से बतौर सह-निर्मांता भी जुड़ी हैं।

आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'पेश कर रहे हैं आपके सामने एक बेहद प्रतिभाशली निर्देशक वासन बाला और धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म 'जिगरा'। धर्मा प्रोडक्शन के साथ फिल्मी दुनिया में कदम रखने के बाद से लेकर अब उनके साथ एक फिल्म का निर्माण करने तक कई मायनों में ऐसा लगता है कि जहां से मैंने शुरुआत की थी, वहां से अब एक चक्र पूरा कर लिया है।'

फिल्म जिगरा को धर्मा प्रोडक्शन और इटरनल सनशाइन के बेनर तले बनाया जा रहा है। जिगरा 27 सितंबर 2024 को रिलीज होगी।

# अक्षय ओबेरॉय ने 'तू चाहिए' की शूटिंग पूरी की



अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने अपनी आने वाली रोमांटिक फिल्म 'तू चाहिए' की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म 'तू चाहिए' में अक्षय ओबेरॉय के साथ अशनूर कोर और आदिल खान की मुख्य भूमिका है। अक्षय ओबेरॉय ने कहा, तू चाहिए में काम करना एक अविश्वसनीय यात्रा रही है, और मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार नहीं कर सकता।अशनूर और आदिल के साथ काम करना खुशी की बात है और मेरा मानना है कि यह फिल्म हर किसी के लिए एक यादगार सिनेमेटिक एक्सपीरियंस होगा।

# 'मुंबई डायरीज' सीजन 2 वापसी के लिए तैयार



स्ट्रीमिंग शो 'मुंबई डायरीज' अपने दूसरे सीजन के साथ वापसी के लिए तैयार है। यह शो एक मेडिकल ड्रामा है। शो में डॉक्टरों के नजरिए से मुंबई पर 26/11 के हमले की कहानी बताई गई है। शो के दूसरे सीजन में कोंकणा सेन शर्मा, मोहित रैना, टीना देसाई, श्रेया धनवंतरी, सत्यजीत दुबे, नताशा भारद्वाज, मृण्मयी देशपांडे और प्रकाश बेलावाड़ी शामिल हैं। पोस्टर का सोमवार को अनावरण किया गया, जिसमें गए है और वे तीव्रता और भावना के साथ कैमरे की ओर देख रहे हैं। इस शो का निर्माण और निर्देशन निखिल आडवाणी द्वारा किया गया है, इसमें 8 एपिसोड हैं।



# शर्लिन चोपड़ा और तुषार कपूर पहुंचे लालबागचा राजा मंदिर

बॉलीवुड एक्टर तुषार कपूर और मॉडल शर्लिन चोपड़ा मंगलवार को गणेशोत्सव के अवसर पर बप्पा का आशीर्वाद लेने लालबागचा राजा के दरबार गए। देश 19 सितंबर से 'गणेशोत्सव' मना रहा है। देशभर में 'गणपति बप्पा मोरया' की गूंज है और लोग ढोल-नगाड़ों की धुन पर जमकर थिरक रहे हैं। पंडाल के वीडियो में तुषार सुरक्षा के बीच मंदिर की ओर जाते दिख रहे हैं। उन्होंने सफेद कुर्ता-पायजामा पहना हुआ है और भगवान गणेश का आशीर्वाद लेने के लिए नंगे पैर चलते देखे जा सकते हैं।

दूसरी ओर, शर्लिन एथनिक प्लेन वाइट सूट के साथ बांधनी प्रिंट लाल दुपट्टा ओढ़े मंदिर के ओर बढ़ी। उन्होंने अपने लुक को लाल चूड़ियों, लाल बिंदी और झुमकों से पूरा किया। इस दौरान उन्होंने न्यूट्रल मेकअप किया हुआ था।


दुपट्टे से सिर ढक एक्ट्रेस ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाए। बता दें शर्लिन ने हिंदी, तेलुगु और तमिल फिल्मों में काम किया और 2002 में अमेरिकी फिल्म 'बीपर' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। जुलाई 2012 में, अमेरिकन प्लेबॉय मैगजीन के लिए उनके न्यूड फोटोशूट ने सभी ध्यान खींचा। वह 2009 में रियलिटी शो 'बिग बॉस' में भी कंटेस्टेंट रही। वह 'टाइम पास', 'रेड स्वास्तिक' और 'गेम' फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। तुषार दिग्गज अभिनेता जितेंद्र के बेटे हैं। उन्होंने 'मुझे कुछ कहना है', 'क्या दिल ने कहा', 'जीना सिर्फ मेरे लिए', 'खाकी', 'गोलमाल रिटर्न्स', 'द डर्टी पिक्चर' जैसी फिल्में की हैं।

# यश चोपड़ा ने रूमानी फिल्मों के जरिये दर्शको के बीच बनाई खास पहचान

बॉलीवुड में यश चोपड़ा को एक फिल्मकार के तौर पर याद किया जाता है जिन्होंने रूमानी पिल्मों के जरिये दर्शको के बीच अपनी खास पहचान बनायी। पंजाब के लाहौर में 27 सितंबर 1932 को जन्में यश चोपड़ा के बड़े भाई बी.आर.चोपड़ा फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने निर्माता-निर्देशक थे। अपने करियर के शुरूआती दौर में यश चोपड़ा ने आइ.एस .जोहर के साथ बतौर सहायक काम किया।

बतौर निर्देशक यश चोपड़ा ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1959 में अपने भाई के बैनर तले बनी फिल्म धूल का फूल से की।वर्ष 1961 में यश चोपड़ा को एक बार फिर से अपने भाई के बैनर तले बनी फिल्म धर्म पुत्र को निर्देशित करने का मौका मिला। इस फिल्म से ही बतौर अभिनेता शशि कपूर ने अपने सिने करियर की शुरूआत की थी। वर्ष 1965 में प्रदर्शित फिल्म वक्त यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी उत्कृष्ठ फिल्मों में शुमार की जाती है। इस फिल्म को बॉलीवुड की पहली मल्टीस्टारर फिल्म माना जाता है। वक्त में बलराज साहनी राजकुमार सुनील दत्त शशि कपूर और रहमान ने मुख्य भूमिकायें निभायी थीं।

वर्ष 1969 में यश चोपड़ा के सिने करियर की एक और सुपरहिट फिल्म इत्तेफाक प्रदर्शित हुयी। दिलचस्प बात है कि राजेश खन्ना और नंदा की जोड़ी वाली संस्पेंस थ्रिलर इस फिल्म में कोई गीत नहीं था बावजूद इसके फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया और उसे सुपरहिट बना दिया। वर्ष 1973 में प्रदर्शित फिल्म 'दाग' के जरिये यश चोपड़ा ने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख दिया और यश राज बैनर की स्थापना की। राजेश खन्ना शर्मिला टेगोर और राखी अभिनीत यह फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी।



वर्ष 1975 में प्रदर्शित फिल्म 'दीवार' यश चोपड़ा के सिने करियर के लिये मील का पत्थर साबित हुयी। वर्ष 1976 में यश चोपड़ा की फिल्म कभी कभी प्रदर्शित हुयी। रूमानी पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म में यश चोपड़ा ने एंग्री यंग मैन अमिताभ बच्चन से रूमानी किरदार निभाकर दर्शकों को अंचभित कर दिया। माना जाता है कि यश चोपड़ा ने अमिताभ बच्चन के जरिये गीतकार साहिर लुधियानवी की जिंदगी से जुड़े पहलुओं को रूपहले पर्दे पर पेश किया था।

वर्ष 1981 में प्रदर्शित फिल्म सिलसिला यश चोपड़ा निर्देशित महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है। माना जाता है कि इस फिल्म में अमिताभ और रेखा के जीवन को रूपहले पर्दे पर दर्शाया गया है। वर्ष 1989 में श्रीदेवी और ऋषि कपूर अभिनीत फिल्म चांदनी की कामयाबी के साथ यश चोपड़ा एक बार फिर से शोहरत की बुंलदियो पर जा पहुंचें। वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म लम्हे यश चोपड़ा के सिने करियर की अहम फिल्मों में शुमार की जाती है। इस फिल्म के जरिये यश चोपड़ा ने यह दिखाने का प्रयास किया कि प्यार की कोई उम्र नही होती है। हालांकि यह फिल्म दर्शको की कसोटी पर खरी नही उतरी लेकिन समीक्षकों का मानना है कि यह फिल्म यश चोपड़ा के करियर की उत्कृष्ठ फिल्मों में एक है।

बहुरंग

# जवान ने वर्ल्डवाईड 1000 करोड़ रूपये कमाए

बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की फिल्म जवान ने वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रूपये की कमाई कर ली है। एटली के निर्देशन में बनी शाहरुख खान की जवान 07 सितंबर को प्रदर्शित हुयी थी। फिल्म जवान को रिलीज हुए 19 दिन हो चुके हैं।



फिल्म जवान हर दिन नए रिकॉर्ड अपने नाम कर रही है।जवान ने कई फिल्मों का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भारत में जवान का कुल कारोबार 560 करोड़ रूपये से अधिक हो गया है।जवान न सिर्फ भारत में बल्कि विदेश में भी खूब धमाल मचा रही है।फिल्म जवान ने दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। गोरी खान और शाहरुख की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म जवान को प्रोड्यूस किया गया है। जवान में शाहरुख खान के साथ नयनतारा, विजय सेतुपति, प्रियामणि, सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर और रिद्धि डोगरा भी शामिल है।

झिलमिल

# बाकू में एन्जॉय कर रहे विद्युत जामवाल व नोरा फतेही

एक्टर विद्युत जामवाल और नोरा फतेही वर्तमान में अपनी अपकमिंग फिल्म 'क्रेक - जीतेगा तो जिएगा' के लिए बाकू में शूटिंग कर रहे हैं और बेहतरीन समय बिता रहे हैं। विद्युत ने इंस्टाग्राम पर एक बूमरैंग शेयर की, जिसमें वह नोरा के पीछे नजर आ रहे हैं। क्लिप में नोरा सेल्फी कैमरे के जरिए बूमरैंग करती दिख रही हैं, जबकि एक्शन स्टार उनके पीछे चलते नजर आ रहे हैं और फिर कैमरे के लेंस में देखकर मुस्कुरा रहे हैं। उन्होंने क्लिप को कैप्शन दिया, पीछे की तरफ चोकस निगाहों वाला आदमी रॉकस्टार नोरा का बॉडीगार्ड/आर्मर मिशेल नायडू है। नोरा ने भी इंस्टाग्राम पर इसी बूमरैंग को पोस्ट किया और खुद को और विद्युत को क्रेक के रूप में टेग किया। 'क्रेक- जीतेगा तो जिएगा' एक स्पोर्ट्स फिल्म है, जिसका निर्देशन आदित्य दत्त ने किया है। यह दो भाइयों की कहानी है, जो जीतने के लिए जानलेवा स्टंट करने के लिए तैयार हो जाते हैं।





# ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करेंगे मिलन लुथिरया

बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक मिलन लुथरिया फिल्म सुल्तानन ऑफ दिल्लीक के जरिये बतौर निर्देशक ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करने जा रहे हैं। सुल्तानन ऑफ दिल्ली: असेंशन बाय अर्णब रे किताब पर आधारित है।इस सीरीज के प्रोड्यूसर रिलायंस एंटरटेनमेन्टस और इसका निर्देशन मिलन लुथरिया ने किया है। सुपर्ण वर्मा ने इसे सह-निर्देशित किया है और इसके सह-लेखक भी हैं। मिलन लुथरिया ने सुल्ताडन ऑफ दिल्ली के जरिये ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू के बारे मे पूछे जाने पर कहा,मुझे वास्ताव में कहना चाहिये कि इस प्रोजेक्टर के साथ अपना ओटीटी डेब्यूक करने में मुझे बहुत मजा आया, लेकिन सभी कलाकारों ने पिछले दो सालों में मुझे काफी परेशान किया है और उस लाइन में सबसे आगे हैं मोनी रॉय। मोनी सुबह कॉल टाइम से 10 मिलन पहले हम सभी का अभिवादन करने आती थीं और उसके बाद हम उसे सीधे लंच में देखा करते थे। उसे तैयार होने और सेट पर आने में 3 घंटे लगते थे। सुल्तााेन ऑफ दिल्लीर में ताहिर राज भसीन, अंजुम शर्मा, विनय पाठक और निशांत दहिया,अनुप्रिया गोयनका, मोनी रॉय, हरलीन सेठी और मेहरीन पीरज़ादा की मुख्य भूमिका है।'सुल्तानन ऑफ दिल्लीड'13 अक्टू बर 2023 को डिज्नानी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## एक नजर...

### जेयू के इतिहास विभाग में राष्ट्रीय कांफ्रेंस 29 से




**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा वैश्विक परिप्रेक्ष्य में बौद्ध धर्म के महत्व पर राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन 29 से 30 सितंबर को किया जा रहा है।कांफ्रेंस का शुभारंभ 29 सितंबर को सुबह 11:30 बजे गालव सभागार में होगा। आयोजन सचिव प्रो.शांतिदेव सिसौदिया ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय गया इतिहास के प्रो.मुकेश कुमार होंगे।अध्यक्षता जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अविनाश तिवारी करेंगे।विशिष्ट के रूप में जेयू के कुलाधिसचिव प्रो.डीएन गोस्वामी व कुलसचिव अरूण चौहान उपस्थित रहेंगे।वहीं कांफ्रेंस के समापन सत्र में मुख्य अतिथि जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. श्यामलाल होंगे।अध्यक्षता जेयू के कुलपति प्रो.अविनाश तिवारी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जेयू के कुलाधिसचिव प्रो.डीएन गोस्वामी व कुलसचिव अरुण चौहान उपस्थित रहेंगे। पीआरओ डॉ विमलेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि कार्यक्रम का समापन शाम तीन बजे इतिहास विभाग के म्यूजियम में होगा।

### गरीबों एवं असहाय लोगों की मदद के लिये सरकार सदैव तत्परः कुशवाह



**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर एवं असहाय लोगों की मदद के लिये क्रांतिकारी योजनायें बनाई हैं। अपने भी जिनका साथ छोड़ देते हैं उनकी मदद के लिये सरकार सदैव तत्पर रहती है। इसी भाव के साथ प्रदेश सरकार ने हाल ही में लाड़ली बहना जैसी योजना शुरू की है। इस आशय के विचार उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने व्यक्त किए। कुशवाह अपने विधायक स्वेच्छानुदान से जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता के चैक वितरित कर रहे थे। बुधवार को यहाँ गाँधी रोड़ स्थित अपने स्थानीय कार्यालय में उन्होंने 187 जरूरतमंद लोगों को 9 लाख 35 हजार रूपए की आर्थिक सहायता वितरित की। यह सहायता किसी को इलाज, किसी को रोजमर्रा की जरूरतें तो किसी को बच्चों की फीस भरने जैसे कामों के लिये उन्होंने उपलब्ध कराई है।

### टिकट रोके, भाजपा की सूचियों का वेट एंड वाच कर रही कांग्रेस



ग्वालियर/भोपाल। जनआक्रोश यात्रा से मध्यप्रदेश में अपनी धमाकेदार एंट्री कर रही कांग्रेस इस बार दिल्ली-मुम्बई के चुनावी प्रोफेशनल के सहारे मध्यप्रदेश में अपनी चुनावी धार तेज कर चुकी हैं। अब कांग्रेस ने नया पैंतरा खेला है उसने अपने सारे टिकट रोक दिये है और पूरी भाजपा सूचियों के इंतजार में वेट एंड वाच की स्थिति में हैं। कांग्रेस के सूत्रों का कहना हैं कि वह कुछ सीटों पर भाजपा के उपेक्षित और टिकट सूची से बाहर कर दिये नेताओं, मंत्रियों व विधायकों को भी उतार सकती हैं। कुल मिलाकर इस बार कांग्रेस ने मध्यप्रदेश में अपनी सत्ता वापसी की तैयारी पूरे होमवर्क के साथ की हैं। इसके लिये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने दिल्ली-मुम्बई के प्रोफेशनल भी कार्य पर लगाये है और एक-एक सीट का चुनावी गणित भी समझा है। सूत्र बताते हैं कि प्रोफेशनल ने कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों के साथ ही भाजपा के संभावित उम्मीदवार का डाटा भी एकत्रित किया हैं। इसके अलावा उन्होंने भाजपा के मंत्री, विधायक या दिग्गज नेता का टिकट कटने पर उन्हें कांग्रेस से उतारने पर संभावित परिणामों के भी आंकलन जुटाये हैं। बताया जाता है कि इसी कारण अब कांग्रेस ने अपनी उम्मीदवारी की सूची रोक ली है और भाजपा की सूचियां जारी होने का इंतजार कर रही हैं। कांग्रेस ने अपने संभावित उम्मीदवारों को बता भी दिया है कि टिकट मिले तो ठीक न मिले तो भी उन्हें संतुष्ट रहना है। सरकार कांग्रेस की बनने पर सभी का ध्यान रखा जायेगा इसीलिये पार्टी के प्रति वफादारी को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, ताकि सत्ता में कांग्रेस की वापसी हो सकें।

### शहरों और नगरवासियों की बढ़ती आकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर भविष्य

भोपाल। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि शहरों और नागरिकों की जरुरत का आंकलन कर विकास का रोडमेप तैयार किया जाना चाहिये। जलवायु परिवर्तन पर अपनी चिंता जाहिर करते हुये उन्होने स्मार्ट शहरों में किये जा रहे कार्यों को सकारात्मक पहल बताया। इस दिशा में और टिकाऊ विकास पर और अधिक काम किये जाने की जरूरत है। शहरी विकास में समग्र निवेश पिछ्ले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ है। स्मार्ट सिटी मिशन का इसमें बड़ा योगदान है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने आज इंदौर में इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव-2023 में सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होने मध्यप्रदेश को देश के सर्वश्रेष्ठ प्रदेश का पुरस्कार मिलने पर बधाई दी।




# महिला पुलिस टीम ने "संस्कार पब्लिक स्कूल" के बच्चों को महिला अपराध व "गुड टच बेड टच" के प्रति किया जागरूक

ग्वालियर पुलिस का महिला जागरूकता अभियान

ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे के निर्देश तथा अति. पुलिस अधीक्षक शहर(पश्चिम) गजेन्द्र सिंह वर्धमान एवं डीएसपी महिला सुरक्षा ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में ग्वालियर जिले के विभिन्न स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर महिला जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत आज दिनांक 21.09.2023 को डीएसपी महिला सुरक्षा ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार के नेतृत्व में थाना विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत पंतनगर स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल में बच्चों को महिला संबंधी तथा साइबर अपराधों एवं गुड टच बेड टच के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर थाना विश्वविद्यालय से उप निरीक्षक गीता भदौरिया, महिला सुरक्षा शाखा से उप निरीक्षक प्रियंका दुबे एवं उप निरीक्षक मधु बंसल व




उप निरीक्षक सुलेखा निर्भया मोबाइल 1व 2 का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार डीएसपी महिला सुरक्षा ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार के नेतृत्व में महिला पुलिस टीम तथा निर्भया टीम द्वारा आज थाना विश्वविद्यालय क्षेत्रान्तर्गत ''संस्कार पब्लिक स्कूल'' के बच्चों को महिला संबंधी अपराध, महिला संबंधी साइबर अपराध, पॉस्को अधिनियम बलात्कार, छेड़छाड़ तथा गुड टच बेड टच आदि के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा उन्हे मध्यप्रदेश पुलिस की डायल 100/112 सेवा तथा 1090 महिला हेल्पलाइन से भी अवगत कराया गया और उपस्थित बच्चों को बताया गया कि किसी भी आपात स्थित में तत्काल पुलिस को सूचित करें। उपस्थित स्कूली बच्चों को बेटी की पेटी के संबंध में अवगत कराया गया कि वह किस प्रकार अपनी शिकायत पेटी में डाल सकती हैं। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को गुड टच बेड टच के संबंध में भी जानकारी दी गई।

## जो हनुमान का भक्त होता है उसे राज्य भी मिलता है और राम भीः पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

भोपाल। राजधानी के नरेला विधानसभा क्षेत्र में स्व. श्री कैलाश सारंग व श्रीमती प्रसून की पुण्य-स्मृति में आयोजित श्री हनुमंत कथा के प्रथम दिवस बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि इस संसार में सबसे बड़ा वक्ता व श्रोता श्री हनुमान जी महाराज हैं । इसीलिए जीवन की हर सफलता के लिए हनुमान भक्ति ही एकमात्र उपाय है। जो हनुमान का भक्त होता है उसे राज्य भी मिलता है और राम भी। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हर मनुष्य सुखी होना चाहता है इसी के दृष्टिगत यहां आयोजित कथा का विषय संदर्भ इस चौपाई पर आधारित है-सब सुख लहें तुम्हारी सरना। तुम रक्षक काहू को डरना। पंडित श्री शास्त्री ने कहा कि मनुष्य कि कामनाओं का अंत नहीं है। वह कामनाओं की पूर्ति में सुख की आकांक्षा करता हैं, लेकिन सुख सदैव राम रस से प्राप्त होतें हैं,



काम रस से नहीं। उन्होंने आवाहन किया कि मनुष्य को काम रस में नहीं बल्कि राम रसमय जीवन जीना चाहिए क्योंकि संसार में शाश्वत सुख की प्राप्ति राम भक्ति से ही संभव है इस दुनिया में बहुत से लोग ऐसे हैं जो सम्पन्न तो हैं लेकिन सुखी नहीं है। उनके पास बंगला, मोटर, कार, धन, संपदा सब कुछ है लेकिन शांति नहीं हैं उनकी आंखों में नींद नहीं है ऐसे लोगों को काम रस छोडकर राम रस में जीना चाहिए। कथा के आरंभ में चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग व सभी परिवारजनों ने व्यासपीठ की पूजन की। कथा का आरंभ करते हुए पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कथा पंडाल में उमड़े पांच लाख से अधिक श्रृद्धालुओं के जन समुद्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि बोलो- सीताराम हनुमान, साधु जी सीताराम। जय सन्यासी बाबा, जय बागेश्वर धाम। मंत्री सारंग ने बताया कि 28 सितंबर को कथा स्थल पर ही सुबह 10 बजे से दिव्य दरबार लगेगा। जिसके बाद 2 बजे से श्री हनुमंत कथा होगी। वहीं अनंत चतुर्दशी के अवसर पर श्री गणेश भगवान के पूजन के साथ ही गणेश विसर्जन भी होगा। यहां भोपालवासी अपने घरों में विराजे श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन कर सकेंगे। इसके लिये कथा स्थल पर विसर्जन कुंड भी बनाये गये हैं।

### जीवाजी विवि के पर्यटन विभाग में मनाया गया विश्व पर्यटन दिवस



**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय के पर्यटन विभाग में आज विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया।विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्जवलित कर किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड प्रो.आरए शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस अंचल में पर्यटन की बहुत संभावनाएं है।विद्यार्थियों को इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए एवं शोध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमको री-थिंक टूरिज्म का अनुसरण करना चाहिए। इतना इतिहास होने पर भी पर्यटन कम है इसका पुनर्विचार एवं पुनः अवलोकन विद्यार्थियों को अपने अध्ययन में अपडेट करना चाहिए।पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एसके द्विवेदी ने पर्यटन के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसी भी देश की आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति में हमेशा से ही पर्यटन का एक अहम योगदान रहा है।कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा कविता वाचन,लोक नृत्य,लोक संगीत आदि की प्रस्तुति दी गई।जिसमें विद्यार्थियों ने देश की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया।कार्यक्रम में प्रो.आरए शर्मा, पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.एसके द्विवेदी,समन्वयक प्रो.राधा तोमर,सह समन्वयक डॉ.पीके जैन, फैकल्टी क्षिप्रा सिंह चौहान,कृष्णा नरवरिया, मोनिका सक्सेना सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# जनआक्रोश यात्राः ग्वालियर पूर्व विधानसभा की सड़कों पर उमड़ा भारी जनसैलाव, बरसे फूल

ग्वालियर। जिद्द-जज्बा-जुनून और संघर्ष-मेहनत कश विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में हजारों महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गो ने ''जन आक्रोश यात्रा'' का जोरदार स्वागत जगह-जगह किया गया। ग्वालियर पूर्व विधानसभा की स?कों पर उमडे जन सैलाब के साथ जन आक्रोश यात्रा चल रही थी। छतों से पुष्प वर्षा, स?कों पर आतिशबाजी, ढोल-नगाड़ों के साथ ऐतिहासिक जन आक्रोश यात्रा में सोनिया-खरगे, राहुल, प्रियंका जिन्दाबाद के नारे के साथ, जय-जय कमलनाथ के नारे गूंज रहे थे। लोग भा.ज.पा. के खिलाफ मंहगाई, भ्रष्टाचार और बैरोजगारी के नारे लगा रहे थे। मंहगाई, बैरोजगारी, भ्रष्टाचार दलित-आदिवासियों पर अत्याचार, व्यापारियों व किसानों का शोषण करने वाली भा.ज.पा. सरकार के खिलाफ जनआक्रोश यात्रा निकाली जा रही है। जन आक्रोश यात्रा आज सुबह 11:30 बजे ग्वालियर पूर्व विधानसभा के विक्की फैक्ट्री चौराहे से प्रवेश किया। जहॉ हजारों लोगों के साथ महापौर डॉ.शोभा सतीश सिकरवार एवं विधायक डॉ.सतीश सिकरवार के नेतृत्व में आत्मीय अगवानी की गई। रथ पर नेता प्रतिपक्ष डॉ.गोविन्द सिंह, अंचल के प्रभारी शिव भाटिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिंह, डॉ. महेन्द्र सिंह



चौहान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ नेता वासुदेव शर्मा, पूर्व सांसद रामसेवक सिंह ''बाबूजी'', महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार सवार थे। विक्की फैक्ट्री से हजारों लोग पार्टी के झण्डे लेकर रथ के आगे-आगे चल रहे थे। झांसी रोड़ थाने के सामने, नाका चन्द्रवदनी, चन्द्रवदनी तिराहे से शीतला सहाय चौराहा मार्ग, अस्पताल मार्ग से दाल बाजार, पाटनकर बाजार तक पहले चरण की यात्रा चली। दूसरे चरण की जन आक्रोश यात्रा नारायण बिहार कॉलोनी, गोला का मन्दिर, दुग्ध संघ आफिस के सामने, सूर्य मन्दिर तिराहा, सात नम्बर चौराहा, छह नम्बर चौराहा से भगवान अग्रसेन चौराहा, सदर बाजार, बारादरी चौराहा से हुरावली पहुॅची। जन आक्रोश यात्रा के स्वागत के लिये सड़कों पर भीड़ उमड़ पड़ी। नारायण विहार से दो हजार मोटर सायकिलों का काफिला रथ के अगे चल रहा था तथा गर्ल्स कॉलेज मुरार पर दो हजार से अधिक महिलाएं हाथों में झण्डे और भा.ज.पा. की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहीं थी। समूची ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व और ऐतिहासिक स्वागत किया गया। विधायक डॉ.सतीश सिकरवार ने मीडिया से बात करते हुये भा.ज.पा. सरकार पर तीखे हमले किए और कहा कि जनता के सामने सिर्फ झूठ परोसा जा रहा है, सबसे बड़ा झूंठ बिजली के बिल माफ करने का है, बिल माफ नहीं स्थगित किऐ हैं। अगर भा.ज.पा. जनता को राहत देना चाहती तो शर्तें क्यों लगाई। सभी को लाभ दो। कांग्रेस पार्टी सभी घोषणाओं का लाभ सभी वर्गो को बिना शर्त के देगी।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478